

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 24 | शनिवार, 07 मार्च 2026 चैत्र कृष्ण चतुर्थी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रूपया



### इज़राइल-ईरान संघर्ष: केंद्र सरकार ने टीवी न्यूज़ चैनलों की टीआरपी पर 4 हफ्ते की रोक लगाई

# अमेरिका-इजराइल के हमले से ईरान में भारी तबाही, लेबनान से भागने लगे लोग

एजेंसी

नई दिल्ली । इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान टीवी न्यूज़ चैनल द्वारा अनावश्यक सनसनीखेज और अनुमानित सामग्री प्रसारित करने के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने न्यूज चैनल के टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) को निर्देश जारी कर कहा कि इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान कुछ टीवी न्यूज़ चैनल अनावश्यक सनसनीखेज और भय पैदा करने वाली सामग्री प्रसारित कर रहे हैं, जिससे आम जनता में भय पैदा हो सकता है, विशेष रूप से उन लोगों में जिनके प्रभावित क्षेत्रों में दोस्त और परिवार रह रहे हैं। ऐसे में जनहित में बीएआरसी चार हफ्ते तक न्यूज चैनल की टीआरपी रेटिंग जारी नहीं करें। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नीति-निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) एक पंजीकृत एजेंसी है जो न्यूज चैनलों की हर हफ्ते देखने वालों की संख्या के आधार पर रेटिंग जारी करती है।



- इजराइल ने तेहरान और बेरूत पर ताजा हमले किए, ईरान ने जवाब में दागीं मिसाइलें, अमेरिका-इजराइल का ईरान के आजादी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पर हमला, 12 हजार सीटों की क्षमता वाला इंडोर एरिना पूरी तरह ध्वस्त
- अमेरिका के पास हथियारों का जखीरा, खामेनेई के उत्तराधिकारी के चयन में शामिल होना चाहते हैं ट्रंप
- रेलवे टिकट और तत्काल बुकिंग के नियम बदलेंगे, ट्रेन किराए में बढ़ोतरी होगी

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का आज सातवां दिन है। इजराइल ने सारी रात ईरान की राजधानी तेहरान पर मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे कई जगह आग लग गई। तेहरान की इमारतों से इस समय भी धुआं उठ रहा है। यही हाल लेबनान की राजधानी बेरूत का है। राजधानी में दहशत है। लोग लेबनान छोड़कर भागने लगे हैं। इजराइल ने लेबनान में सारी रात हवाई हमले किए। आतंकी समूह हिजबुल्लाह को निशाना बनाया। धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा-सीएनएन की आज दोपहर बाद प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा है। तेहरान धुएं से भर गया है। इजराइल के एक व्यस्त शॉपिंग स्ट्रीट पर किए गए हमले से जानमाल की भारी क्षति हुई है। इजराइल ने स्वीकार किया है कि उसने लेबनान की राजधानी में पूरी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया। हमले से पहले स्थानीय निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की गई। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के उत्तराधिकारी के चयन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस प्रक्रिया में उन्हें भी शामिल किया जाए। ट्रंप ने कहा कि गैस की बढ़ती कीमतों से अमेरिका को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भले ही युद्ध से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई में रुकावट आ रही हो। उन्होंने कहा कि भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दे दी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ने कहा कि ईरान के मिसाइल हमले में काफी कमी आई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने दावा कि उनके हमलों की लहरों ने ईरान के 80 प्रतिशत एयर डिफेंस और 60 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चर तबाह कर दिए हैं। जमीर ने कहा कि हमला अभी जारी रहेगा। जमीर ने माना कि ईरान ने मध्य इजराइल पर रात को क्लस्टर वॉरहेड दागा। इससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास हमले जारी रखने के लिए सैन्य साजो सामान का बड़ा जखीरा है। हेगसेथ ने फ्लोरिडा में सेंट्रल कमांड के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''ईरान उम्मीद कर रहा है कि हम हमले जारी रख नहीं पाएंगे। यह उसकी बहुत बड़ी गलतफहमी है। हमारे भंडारण केंद्रों में हथियार भरे हुए हैं। हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है। द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के हमलों से भयभीत लेबनान के लोग राजधानी बेरूत छोड़कर भाग रहे हैं। दक्षिणी लेबनान, बेरूत और कुछ दूसरी जगहों पर रहे लगभग 500,000 हिजबुल्लाह समर्थकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। दक्षिणी लेबनान से 400,000 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के गढ़ों में पिछले 24 घंटों में 26 हमले किए हैं। इससे कई शहर भूतिया नजर आने लगे हैं।

## केमिकल-फ्री और नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देकर कृषि निर्यात बढ़ाने पर जोर : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादों को निर्यात उन्मुख बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तनङ्क विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक ल्हाईवेङ्क बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर विचार कर रही है, लेकिन इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है और आय के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसी कारण सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दे रही है। खाने के तेल और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन जैसे प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है। इसी सोच के साथ सरकार ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सुधार के कारण किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना तक लाभ मिल रहा है। संस्थागत ऋण की पहुंच 75 प्रतिशत से अधिक किसानों तक हो चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। इन पहलों के कारण किसानों का जोखिम कम हुआ है और कृषि क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अनाज, दालों और तिलहन का रिकॉर्ड उत्पादन कर रहा है, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश करते हुए कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा भरना आवश्यक है। इस वर्ष के बजट में इसी दिशा में कई नए अवसर प्रदान किए गए हैं, जो उत्पादकता बढ़ाने और कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार तेजी से खुल रहे हैं और दुनिया की मांग में बदलाव आ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी कृषि को निर्यात उन्मुख बनाने पर ध्यान देना होगा। देश के विविध जलवायु क्षेत्रों और समृद्ध एग्रो-क्लाइमेटिक जोन का लाभ उठाकर विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में उच्च मूल्य वाली कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत नारियल, काजू, कोको और चंदन जैसी फसलों को क्षेत्रीय आधार पर प्रोत्साहित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल और तमिलनाडु में बड़ी मात्रा में नारियल का उत्पादन होता है, लेकिन कई स्थानों पर पेड़ पुराने हो चुके हैं और उनकी उत्पादकता कम हो गई है। इसलिए बजट में नारियल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में टेम्पर्ड नट फसलों को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। जैसे-जैसे निर्यात उन्मुख उत्पादन बढ़ेगा, वैसे-वैसे प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके लिए सरकार, कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि उच्च मूल्य वाली कृषि को सामूहिक प्रयासों से बढ़ावा दिया जाए तो भारत का कृषि क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है। इसके लिए गुणवत्ता, ब्रांडिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि भारतीय कृषि उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मजबूत पहचान बन सके।

उन्होंने पशुपालन क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का तेजी से उभरता स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और अंडा उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र को और आगे बढ़ाने के लिए बेहतर नस्ल, रोग नियंत्रण और वैज्ञानिक प्रबंधन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### भारत की सांस्कृतिक एकात्मता, सामाजिक समरसता में दादागुरु परंपरा का अतुलनीय योगदान: भागवत

जैसलमेर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकात्मता और सामाजिक समरसता में दादागुरु परंपरा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सिखाया है कि जीवन में विविधता है लेकिन केवल विविधता को जगह देने से अनेकता पैदा होती है। जैन दर्शन हमें सिखाता है कि श्रद्धा के साथ किसी भी मार्ग पर चलकर ईश्वर को पाया जा सकता है।डॉ. भागवत ने गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर महाराज की निश्रा में दीप प्रज्ज्वलन कर तीन दिवसीय चादर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा जैसलमेर दादागुरु जिनदत्त सूरि की भक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन यहां के डेडानसर मैदान में किया गया है। संघ प्रमुख भागवत ने समाज से अपील की कि वे सभी हिंदुओं को एक ही परिवार मानें और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर देश के लिए जीने का संकल्प लें।महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 7 मार्च को होने वाला सामूहिक 'दादागुरु इकतीसा' पाठ है। आचार्य श्री जिनमनोज्ञ सागर जी की प्रेरणा से आयोजित इस संकल्प के तहत विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालु पाठ करेंगे।जैसलमेर जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह भंसाली ने बताया कि 11वीं शताब्दी में आचार्य जिनदत्त सूरी के अग्निसंस्कार के समय उनकी चादर का न जलना एक दैवीय चमत्कार माना जाता है।

### फांसी घर' की प्रामाणिकता को लेकर केजरीवाल, गोयल एवं बिड़ला दस्तावेज या प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाए : राजपूत

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला शुक्रवार को विशेषाधिकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने विशेषाधिकारी समिति के समक्ष 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर में उद्घाटित किए गए 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से संबंधित मामले में अपना पक्ष रखा। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आज उपस्थित होने पर सहमति देने के बावजूद एक बार फिर समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। उक्त व्यक्तियों ने आज समिति के समक्ष उपस्थित होकर गोपनीयता की शपथ लेने के बाद मामले के संबंध में अपना पक्ष दर्ज कराया और जांचाधीन विषय पर अपने बयान प्रस्तुत किए। विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने कहा कि आज संबंधित व्यक्ति समिति के समक्ष उपस्थित हुए, किंतु इससे पूर्व वे बार-बार समिति की कार्यवाही से बचने का प्रयास करते रहे।

## 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा : अमित शाह

एजेंसी



भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों और केंद्र सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण देश अब इस समस्या से मुक्ति के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कटक के मुंडुली में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र सरकार देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।ङ्क शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों के समन्वित और लगातार अभियानों के कारण देश अब दशकों पुरानी इस समस्या से छुटकारा पाने की दहलीज पर खड़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तय समयसीमा के भीतर नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सीआईएसएफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। शाह ने कहा, चाहे ओडिशा हो, छत्तीसगढ़ हो या तेलंगाना , नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सीआईएसएफ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने तथाकथित रेड कॉरिडोर की अवधारणा पर भी प्रहार करते हुए कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह परास्त कर देंगे जो तिरुपति से पशुपति तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा, ल्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे सुरक्षा बल इस चुनौती को पूरी तरह समाप्त कर देंगे, जो एक बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पहले, अमित शाह भुवनेश्वर पहुंचे, जहां उनका स्वागत ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी, उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा और राज्य भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल समेत अन्य नेताओं ने किया। इसके बाद वे सीआईएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंडाली रवाना हुए। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने देश की महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सीआईएसएफ के योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा, सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैं सभी जवानों और उनके परिवारों को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनके समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए औद्योगिक विकास आवश्यक है और उस विकास की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक सुरक्षा बल की जरूरत होती है।

## ममता बनर्जी घुसपैठियों को बचाने के लिए दे रही हैं धरना : गिरिराज सिंह

एजेंसी



कोलकाता । केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शहर के बीचोंबीच धरना देकर अल्पसंख्यक समुदाय के घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। उन्होंने राज्य के कुछ अधिकारियों और तृणमूल समर्थित तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने तौर-तरीके सुधार लें, अन्यथा उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी केवल उन घुसपैठियों को बचाने में लगी हैं जो उनके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि एस्प्लानेड इलाके में घुसपैठियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री का धरने पर बैठना शर्मनाक है और पिछले चुनाव में भी ऐसे लोगों की मदद से उन्हें फायदा मिला था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य को दिए गए लगभग 15 लाख करोड़ के अनुदान का बड़ा हिस्सा तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हड़प लिया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में कई नेताओं ने साइकिल से लग्जरी चारपहिया वाहनों तक का सफर तय कर लिया और भव्य मकान बना लिए। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि पहले जहां राज्य की औद्योगिक वृद्धि लगभग 25 प्रतिशत थी, वह घटकर करीब तीन प्रतिशत रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 15 वर्षों में पैदा हुए बच्चों के सिर पर लगभग 80 हजार करोड़ का बोझ आ गया है।

### रांची में गैलेक्सिया मॉल स्थित पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बीडीएस ने की सघन जांच

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस बार ग्लैक्सिया मॉल में स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात अपराधियों ने ईमेल के माध्यम से धमकी भरा संदेश भेजा, जिसमें रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई। धमकी भरा मेल मिलने के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई।

कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की जांच शुरू कर दी। पुलिस और बीडीएस टीम ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर और आसपास के पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। मॉल परिसर के अलग-अलग हिस्सों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ समय के लिए इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई।

## सुखोई विमान दुर्घटना: नागपुर के फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर को वीरगति

एजेंसी



नागपुर। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 5 मार्च की रात वायुसेना के सुखोई लड़ाकू विमान के प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने से नागपुर जिले के सपूत फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर और स्क्वॉड्रन लीडर अनुज वीरगति को प्राप्त हुए। वायुसेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह विमान असम के कार्बी आंगलोंग जिले के घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र से गुजर रहा था कि अचानक रडार से गायब हो गया। थोड़ी ही देर में विमान का जमीन पर नियंत्रण से संपर्क टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत खोज अभियान शुरू किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों वैमानिकों को बचाया नहीं जा सका। वीरगति प्राप्त फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर मूलतः नागपुर जिले के निवासी थे। उन्होंने भंडारा जिले के शाहपुर में डीएसए अकादमी से अपने सैन्य पूर्व-प्रशिक्षण को पूरा किया था। लगभग तीन वर्ष पूर्व वे भारतीय वायुसेना से पास आउट हुए थे। उनके साहसपूर्ण कार्यों और समर्पित सेवा के लिए पूरे विदर्भ सहित देशभर में शोक व्यक्त किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोनों वैमानिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि, ''सुखोई विमान दुर्घटना में स्क्वॉड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण और साहस भारतीय वायुसेना की सर्वोच्च परंपरा का प्रतीक है। देश उनके बलिदान को नमन करता है।''

## मुख्यमंत्री योगी ने 50 क्यूआरटी वाहनों को दिखाई हरी झंडी, कहा-पुलिस ने दंगाग्रस्त राज्य को सेफ यूपी बनाया

एजेंसी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में वर्ष 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस के सकारात्मक कार्यों का परिणाम है कि वर्ष 2017 से पहले के अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सुरक्षित उत्तर प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है और इसी कारण पहली बार कोई सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में आयी है। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल, डीजीपी राजीव कृष्ण, होंडा इंडिया फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन समेत शासन-प्रशासन के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देखा गया कि लोकतंत्र में कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बन सकता है और आज़ादी के बाद पहली बार कोई सरकार अपना 05 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से दुबारा सत्ता में आयी तो यह पुलिस के उसी प्रयास का परिणाम है, जो 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश में पुलिस ने ऐसा कार्य किया कि वर्ष 2017 से पहले के एक अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सेफ यूपी के रूप में बदल दिया।

उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा होती है, लेकिन 2017 से पहले न व्यक्ति सुरक्षित था और न ही परिवार तो कैसे निवेश आएगा लेकिन 2017 के बाद भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश को संजोने संवारने के लिए हमने वह सब कुछ किया जो जरूरी था और यह परिणाम 09 वर्ष में सबके सामने है। उन्होंने समारोह को विशेष महत्व का बताते हुए कहा कि 09 वर्ष में यह ओवरऑल परिवर्तन व परसेप्शन बदला इसके लिए कुछ सुधार किये गए। ट्रांसफॉर्मेशन बगैर रिफॉर्म के नहीं हो सकता। उन्होंने अपनी सरकार में पुलिस में किए गए सुधार व उपलब्ध कराए गए संसाधनों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में यूपी पुलिस के पास पीआरवी के कुल 9500 वाहन थे, आज उनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। इसी प्रकार 2017 में टू व्हीलर की संख्या 3000 थी लेकिन आज इनकी संख्या बढकर 9200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। अगर देखें तो आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई होगी वही विश्वास में बदलती है और यह विश्वास ही ट्रांसफारमेशन का कारण बनता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि मॉडल पुलिसिंग के लिए जो तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी और इन तीनों का अपना महत्व है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल का जो पहले बजट था, वह 2017 के पहले साँस अटकते-अटकते 16,000 करोड़ तक पहुँच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे लेकिन जिला मुख्यालय नहीं, पुलिस लाइन नहीं, ऐसे में क्या पुलिस परिणाम देती? इतना ही नहीं पुलिस के पास पुराने असलहे, कोई सुविधा नहीं, अवस्थापना सुविधाएँ जीरो, टूटे हुए बैरक में, टूटे हुए एज्बेस्ट्स शीट के नीचे रहने के लिए पुलिसकर्मी दिन भर की 12 घंटे की ड्यूटी के बाद जब आते थे। मौसम में सर्दी, गर्मी, बरसात में उस टूटे हुए खपरैल के नीचे उन्हें रहने के लिए मजबूर होना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने लखनऊ की पुलिस लाइन के भ्रमण के दौरान संसाधनों की कमी का जिक्र किया कि किस तरह जवान रहने के लिए मजबूर होते थे।

# तमंचा कनपटी पर रखकर बनाई रील 'दो नाली' गाने पर वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** होली के त्योहार के बीच सोशल मीडिया पर एक खतरनाक रील वायरल होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में एक युवक एक युवती की कनपटी पर तमंचा लगाए दिखाई दे रहा है। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और युवक की तलाश तेज कर दी गई है।

सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो में युवक एक युवती के सिर पर तमंचा सटाकर खड़ा नजर आ रहा है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना बज रहा है, जिसके बोल हैं– 'चांदनी रात में लेकर दो नाली हाथ में, ढूंढ रही पुलिस तो आऊंगा आधी रात में।' इस रील को देखकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती पड़ताल में युवक की पहचान बारादरी थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी इलाके के निवासी के रूप में सामने आई है। हालांकि, अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है और उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वीडियो में दिखाई दे रहा तमंचा असली है या नकली। युवक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 1188 ग्राम पंचायतों में 13,663 समूहों के जरिए 4 लाख महिलाओं को मिलेगा रोजगार

- 2026 में 20 हजार सदस्य जुड़े, भोजीपुरा-बहेड़ी में अभियान सबसे आगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत पात्र गृहस्थी और अंत्योदय राशन कार्ड धारक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में कुल 3,96,311 महिलाओं को चिन्हित किया गया है, जिन्हें समूहों से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। बरेली की 1188 ग्राम पंचायतों में पहले से 13,663 महिला स्वयं सहायता समूह संचालित हो रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को बचत, ऋण और छोटे-छोटे व्यवसायों के जरिए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब इस अभियान के तहत नए सदस्यों को जोड़कर समूहों की संख्या और प्रभाव दोनों बढ़ाए जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां और मजबूत होंगी।

### गरीबी कम करने के लक्ष्य के साथ अभियान शुरू

ग्रामीण क्षेत्र की पात्र गृहस्थी और अंत्योदय राशन कार्ड धारक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का उद्देश्य गरीबी कम करना और परिवारों की आय बढ़ाना है। अभियान के जरिए महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा ताकि वे परिवार की आय में योगदान दे सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। वर्ष 2026 में अब तक इस अभियान के तहत करीब 20 हजार महिलाओं को समूहों से जोड़ा जा चुका है। भोजीपुरा, बहेड़ी और विवरी ब्लॉकों में अभियान तेज गति से चल रहा है, जबकि भुता और शेरगढ़ ब्लॉक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों ने विशेष निर्देश जारी किए हैं।

### प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक मिलेगी मदद

एनआरएलएम उपायुक्त योगेंद्र लाल भारती ने बताया कि ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

समूहों से जुड़ने वाली महिलाओं को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा भी दिलाई जाएगी।

महिलाओं द्वारा शुरू किए गए स्वरोजगार को सफल बनाने के लिए उनके उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग तक की व्यवस्था एनआरएलएम के माध्यम से की जाएगी।

इससे ग्रामीण महिलाओं को बाजार तक पहुंचने में मदद मिलेगी और उनके उत्पादों को बेहतर दाम मिल सकेंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक महिलाएं इस अभियान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

# भूखंडों की नीलामी में बीडीए मालामाल एक दिन में 138 करोड़ की आमदनी

- रामगंगा नगर-ग्रेटर के प्लॉटों पर ऊंची बोली, निवेशकों में होड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की शुक्रवार को हुई व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी में निवेशकों ने जमकर पैसा लगाया। रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के प्लॉटों पर लगी ऊंची बोलियों ने प्राधिकरण की झोली भर दी। एक ही दिन में हुई नीलामी से बीडीए को करीब 138 करोड़ रुपये की आय हुई। कई भूखंडों पर निवेशकों के बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बीडीए के नवीन कार्यालय भवन में आयोजित नीलामी कैंप में विभिन्न क्षेत्रफल और श्रेणी के खाली पड़े व्यवसायिक भूखंडों की बोली लगाई गई। बड़ी संख्या में निवेशक और आवंटी नीलामी में शामिल हुए। कई प्लॉटों के लिए प्रतिस्पर्धा इतनी तेज रही कि बोली लगातार बढ़ती गई। इससे प्राधिकरण को अनुमान से कहीं ज्यादा राजस्व मिला।

अधिकारियों के अनुसार रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली योजनाओं में तेजी से बढ़ती मांग का असर नीलामी में साफ दिखाई दिया।

बीडीए की प्रस्तावित नई टाउनशिप योजना ने भी भूखंड खरीद में लोगों की रुचि बढ़ा दी है। अधिकारियों के मुताबिक शहर और आसपास के जिलों में आवास की बढ़ती मांग को देखते हुए नई टाउनशिप विकसित की जा रही है। यह योजना दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाईपास और पीलीभीत बाईपास राजमार्ग के किनारे करीब 267 हेक्टेयर जमीन पर तैयार की जाएगी। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


प्रस्तावित टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। योजना में 45 मीटर और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें बनाई जाएंगी, जबकि अंदरूनी सड़कों की चौड़ाई 18 मीटर रखी जाएगी। पूरे क्षेत्र में बिजली की लाइनें भूमिगत होंगी और यहां 132 केवीए का विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही टाउनशिप में एम्यूजमेंट पार्क, कम्युनिटी सेंटर और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है।

### नीलामी के दौरान मौजूद रहे अधिकारी

नीलामी प्रक्रिया के दौरान सचिव वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव, विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार और अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नीलामी प्रक्रिया की निगरानी करते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित की। बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के व्यवसायिक भूखंडों की नीलामी से बीडीए को लगभग 138 करोड़ रुपये की आय हुई है।

# यार्ड में काम से संचालन बदला, कई ट्रेनें अब जंक्शन और इज्जतनगर से चलेंगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली सिटी यार्ड में समपार संख्या 248/स्पेशल पर अंडरपास (एलएचएस) निर्माण कार्य के कारण पूर्वोत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। रेलवे प्रशासन के मुताबिक निर्माण कार्य के चलते कुछ गाड़ियों का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। यह व्यवस्था 7 मार्च से अप्रैल के अंत तक लागू रहेगी।

55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी को 7 मार्च से 30 अप्रैल तक बरेली जंक्शन में ही शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। वहीं 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 8 मार्च से 1 मई तक बरेली जंक्शन से ही शॉर्ट ओरिजनेट होगी। इसके अलावा 55316/55315 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी और 55318/55313 पीलीभीत-बरेली सिटी-लालकुआं सवारी गाड़ी इन दोनों ट्रेनों का संचालन 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजनेट करके किया जाएगा। वहीं 05402/75303 काशीपुर-बरेली सिटी-पीलीभीत विशेष गाड़ी को भी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजनेट कर चलाया जाएगा।

### डेमू गाड़ियों के संचालन में भी बदलाव

75304 पीलीभीत-बरेली सिटी डेमू को 7 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। जबकि 75301 बरेली सिटी-पीलीभीत डेमू 8 मार्च से 29 अप्रैल तक इज्जतनगर से शॉर्ट ओरिजनेट होगी। इसी तरह 75302 टनकपुर-बरेली सिटी डेमू को 7 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर में शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 05401 बरेली सिटी-रामनगर विशेष गाड़ी 8 मार्च से 29 अप्रैल तक इज्जतनगर से शॉर्ट ओरिजनेट होगी।

### मेला स्पेशल ट्रेनों पर भी असर

05307 टनकपुर-बरेली सिटी मेला स्पेशल 7 और 23 मार्च तथा 9, 27, 28 और 30 अप्रैल को इज्जतनगर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। वहीं 05308 बरेली सिटी-टनकपुर मेला स्पेशल 8 और 24 मार्च तथा 10, 28, 29 अप्रैल और 1 मई को इज्जतनगर से शॉर्ट ओरिजनेट होकर चलेगी।

# झांसा देकर बनाए संबंध, सच खुला तो जलाने की कोशिश

- छह महीने बाद खुला पति की पहली शादी का राज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर महिला से संबंध बनाने और बाद में युवक के पहले से शादीशुदा होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति, देवर, पहली पत्नी और उसकी बेटी पर मारपीट, धोखाधड़ी और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2020 में उसके पहले पति ने उसे और उसकी बेटी को घर से निकाल दिया था और दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद वह अपनी बेटी के साथ आंवला क्षेत्र में रहने लगी। करीब ढाई साल पहले ग्राम बझेड़ा निवासी एक युवक ने रिश्तेदारी के माध्यम से शादी का प्रस्ताव भेजा और खुद को अविवाहित बताया। उसने भरोसा दिलाया कि वह महिला और उसकी बेटी दोनों का पालन-पोषण करेगा। परिवार ने भरोसा कर शादी तय कर दी। आरोप है कि इसी दौरान युवक ने महिला को ब्लैकमेल कर उससे संबंध बनाए और 29 जनवरी 2024 को शादी कर उसे अपने घर ले आया।

पीड़िता के मुताबिक शादी के करीब छह महीने बाद एक महिला उसके घर पहुंची और खुद को युवक की पहली पत्नी बताया। यह सुनकर पीड़िता को गहरा धक्का लगा। बताया जाता है कि पहली पत्नी ने घर पहुंचकर हंगामा किया और पीड़िता के साथ मारपीट व अभद्रता की। इसके बाद युवक अपनी पहली पत्नी के साथ कहीं चला गया और पीड़िता घर में अकेली रहने लगी। पीड़िता का आरोप है कि पति के जाने के बाद उसका देवर उस पर दबाव बनाने लगा कि उसका भाई उसे नहीं रखेगा, इसलिए वह उसके साथ पत्नी की तरह रहे। विरोध करने पर देवर ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और दुष्कर्म का प्रयास किया।

### जिंदा जलाने की कोशिश

महिला का कहना है कि 17 जुलाई 2025 को देवर ने अपने भाई, उसकी पत्नी और बेटी को घर बुला लिया। अगले दिन चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। इसके बाद वह अपने भाई के साथ थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर पति, देवर, पहली पत्नी और उसकी बेटी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पानी को लेकर हुआ विवाद, प्रेमी ने चलती ट्रेन से फेंका, महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** चलती ट्रेन में पानी को लेकर हुए मामूली विवाद ने एक महिला की जान ले ली। सहमति संबंध में रह रही 35 वर्षीय महिला को उसके प्रेमी ने कथित रूप से चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। ट्रेन से गिरते ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। उसका शव दो हिस्सों में कट गया। घटना के बाद जीआरपी ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जीआरपी बरेली सिटी थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा के अनुसार मृतका की पहचान मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी 35 वर्षीय रुखसाना के रूप में हुई है। बताया गया कि रुखसाना को उसके पति इरफान ने कई साल पहले छोड़ दिया था। उसके दो बच्चे शादाब और समीर फिलहाल ननिहाल में रह रहे हैं। पति से अलग होने के बाद रुखसाना काफी समय से मैनपुरी के किशनी निवासी एक युवक के साथ सहमति संबंध में रह रही थी। दोनों बरेली के सुभाषनगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहते थे।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को दोनों 55307 कासगंज-रामनगर पैसेंजर ट्रेन से बरेली आ रहे थे। शाम करीब 5:40 बजे ट्रेन बरेली सिटी स्टेशन पहुंचने वाली थी, तभी रास्ते में दोनों के बीच अचानक विवाद हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीने के पानी को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में गंभीर झगड़े में बदल गई। जीआरपी को मिली सूचना के अनुसार विवाद के दौरान रुखसाना ने गुस्से में ट्रेन से कूदने की धमकी दी। इसी दौरान उसके प्रेमी ने कथित रूप से उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। चलती ट्रेन से गिरते ही महिला सीधे पटरी पर जा गिरी। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसका शरीर दो टुकड़ों में कट गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेन में मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दी गई।

# कल दरगाह आला हजरत पर मनाया जाएगा उर्स–ए–रहमानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आला हज़रत फ़ाज़िले बरेलवी के पोते रेहाने मिल्लत हज़रत मौलाना रेहान रज़ा खान रहमतुल्लाह का 40 वॉ एक रोज़ा उर्स-ए-रहमानी 08 मार्च रविवार को दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत बाद नमाज़-ए-फ़ज्र कुरानख्वानी से होगी। सुबह 8 बजे रज़ा मस्जिद में महफ़िल का आगाज़ दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन रज़ा क़ादरी (अहसन मियां) सदारत में होगा। उलेमा रमज़ान की फज़ीलत बयान करेगें और आला हज़रत व रेहाने मिल्लत को खिराज़ पेश करेगें। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शाम 5 बजे नात-ओ-मनकबत होगी। सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन मियां की खुसूसी दुआ होगी। इसके बाद सामूहिक रोज़ा इफ़्तार होगा। जिसमें हज़ ारों अकीदतमंद एक ही दस्तरखूवान पर दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन के साथ इफ्तार करेगें। इस रुहानी महफ़िल में दूर-दराज़ से अक़ीदतमंद दरगाह शिरकत करने पहुँच रहे है।

# प्रेम प्रसंग से परेशान युवक ने की आत्महत्या

- पत्नी और प्रेमी पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** विशारतगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह ने एक युवक की जान ले ली। पत्नी के कथित प्रेम प्रसंग और घर छोड़कर प्रेमी के साथ चले जाने से आहत युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पत्नी और उसके कथित प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के खजुवाई गांव निवासी गुडिया पत्नी जगदीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके देवर रामसेवक की पत्नी का गांव के ही धर्मवीर पुत्र चंद्रपाल से लंबे समय से अवैध संबंध था। परिवार के लोगों ने कई बार दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क जारी रहा। परिजनों का आरोप है कि इस वजह से घर में अक्सर झगड़ा होता था और पति-पत्नी के रिश्ते लगातार बिगड़ते जा रहे थे। बताया गया कि रामसेवक की पत्नी कई बार उसके साथ शराब पीती थी और इसी बात को लेकर घर में तनाव बढ़ता गया।

परिवार के मुताबिक बुधवार को स्थिति और बिगड़ गई। आरोप है कि रामसेवक की पत्नी एक बच्चे को घर पर छोड़कर दूसरे बच्चे को साथ ले गई। इसके साथ ही घर में रखी नकदी और जेवरात भी लेकर गांव के ही धर्मवीर के साथ चली गई।पत्नी के अचानक घर छोड़ने और कथित प्रेम प्रसंग से परेशान रामसेवक मानसिक रूप से बेहद तनाव में आ गया था।

### कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला शव

शाम करीब छह बजे जब गुड़िया रामसेवक के घर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अधखुला था। अंदर जाकर देखा तो रामसेवक साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

### पत्नी और प्रेमी के खिलाफ मुकदमा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी धर्मवीर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शाहबाद कोतवाली में तैनात दारोगा का हार्ट अटैक से निधन

● दरोगा की मौत के बाद परिवार वालों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार सुबह कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक की हृदय गति रुकने की वजह से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में मौत हो गई। साथी पुलिसकर्मी की मौत से कोतवाली में गमगीन माहौल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक धीरेन्द्र तोमर के सीने में अचानक दर्द की शिकायत होने पर उन्हें मुरादाबाद के



धीरेन्द्र तोमर

कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां एसआई धीरेन्द्र तोमर का उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह एसआई धीरेन्द्र तोमर ने अंतिम सांस ली। धीरेन्द्र तोमर जनपद हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ के ग्राम कटीरा के निवासी थे। वह लगभग चार माह पूर्व ही शाहबाद कोतवाली में नियुक्ति पर आए थे। एसआई धीरेन्द्र तोमर एक कुशल व्यवहार के धनी थे। जैसे ही उनकी मौत की सूचना शाहबाद के लोगों को हुई, उनसे परिचय रखने वाला हर व्यक्ति गमगीन हो गया। कोतवाली का स्टाफ गहरे सदमे में दिखा। एसआई धीरेन्द्र तोमर अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए। शाहबाद कोतवाली से इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार और एसआई अतिशय जैन धीरेन्द्र तोमर के पैतृक गांव पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### साथी के गम में पुलिसकर्मियों ने नहीं खेली होली

शाहबाद। बरसो पुरानी परंपरा रही है। जिसमें शाहबाद कोतवाली के पुलिसकर्मी होली और चौपाई के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के बाद तीसरे दिन कोतवाली परिसर में होली मनाते है। लेकिन इस बार साथी धीरेन्द्र तोमर की मौत से गमगीन पुलिसकर्मियों ने होली नहीं खेली। कोतवाली पर तैनात हर पुलिसकर्मी की आंख नम थी।

# रोडवेज के बाहर सवारियां बैठाने से लग रहा जाम

● वीर खालसा सेवा समिति ने एआरएम से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने एआरएम से मुलाकात की। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि रोडवेज की बसों का संचालन रोडवेज के बाहर सवारियां बसों में बैठाई जा रही है जोकि नियम अनुसार नहीं हैं। पहले भी कई बार बताया गया है लेकिन रोडवेज की बसें बाहर रोड पर खड़ी होकर सवारियां बैठती। जिससे जाम की व्यवस्था बनी रहती है।

रोडवेज बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए। ताकि सवारियों



रोडवेज परिसर के बाहर एआरएम से बातचीत करते समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह।

को कोई दिक्कत ना हो। रोडवेज परिसर के अंदर सवारी के बैठने की अच्छी व्यवस्था है लेकिन रोडवेज की बसें बाहर रोड पर खड़ी होकर सवारियां बैठाई जाती हैं। जोकि ठीक नहीं है। बसों का संचालन रोडवेज के अंदर से ही किया जाए। एआरम ने आश्वासन दिया गया है कि अब बस का संचालन रोडवेज के अंदर से ही होगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, अमनदीप सिंह, नारायण सिंह, वजीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर फायरिंग युवक के हाथ में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। फायरिंग में एक युवक के हाथ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

घटना कोतवाली के गांव जालिफ नगला की है। गांव निवासी रईस अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद का गांव के यासिफ से खेत की मेंढ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद चला आ रहा था। बुधवार को याफिस, जीशान पुत्र नवाब दूला, नवाब दूला पुत्र रफीक और इरफान पुत्र इकबाल उनके घर में घुस आए। गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने रहीस अहमद के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग में रहीस अहमद के हाथ में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल की चीख पुकार सुनकर उसके परिजन आ गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है। घायल के भाई रशीद अहमद ने चारों आरोपियों को नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# रमजान में लड़ी गई इस्लाम की पहली जंग: शहर इमाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रमजान के 17 वें दिन इस्लाम की पहली जंग, जंग-ए-बदर लड़ी गई थी। यह जंग सन 2 हिजरी में हुई थी, जामा मस्जिद के इमाम सलमान साहब ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब मक्का के लोगों को एक अल्लाह की इबादत का संदेश दे रहे थे।

वह लोगों को रोजा, नमाज और कुरान के बारे में जागरूक कर रहे थे। लेकिन मक्का के कुरैश कबीले उनका विरोध कर रहे थे और उनकी जान के दुश्मन बने हुए थे। मोहम्मद साहब ने अल्लाह के हुक्म से कुरैश कबीले से बातचीत की उन्होंने समझाया कि अल्लाह एक है। लेकिन कुरैश कबीले के सरदार यह मानने को तैयार नहीं थे उन्होंने हजरत मोहम्मद साहब और उनके साथियों पर बहुत अत्याचार किए।कुरैश कबीले के सरदार अबू जेहल



शाहबाद के शहर इमाम सलमान

ने इस्लाम और मुसलमानों को खत्म करने का फैसला किया। उनके पास हजारों सैनिक और युद्ध सामग्री थी। वहीं मोहम्मद साहब के साथ केवल 313 लोग थे। उनके पास न तो युद्ध का सामान था और न ही लड़ने का इरादा था, 17 में रोजे को यह जंग बद्र के मैदान में लड़ी गई इसलिए इसे जंग ए बदर कहते हैं इस जंग में मुसलमान की फतह हुई।

उन्होंने बताया कि इस जंग में अल्लाह की ओर से मदद भेजी गई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस जंग में 70 दुश्मन के बड़े सरदार मारे गए और 70 को गिरफ्तार किया गया जिन 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया उनके साथ हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम ने अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए उन्होंने बताया कि हमें इस जंग से यह सबक हासिल करना चाहिए की ताकत और कुवैत से कुछ नहीं होता अल्लाह की मदद और नुसरत से ही सारा काम होता है।

# अवैध खनन, ओवरलोडिंग वाहनों पर जिला प्रशासन की नजर

● अभियान के दौरान 1096 वाहनों की सघन जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अवैध उप-खनिज खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्त एवं निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 8 बजे से प्रातः 7 बजे तक व्यापक रात्रिकालीन सघन जांच अभियान संचालित किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1096 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के वैध अभिलेखों, भार क्षमता, परिवहन अनुमति पत्रों तथा नियमों के अनुपालन की बारिकी से पड़ताल की गई। जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। जनसुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं राजस्व हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अधिकारियों के आश्वासन पर बार एसोसिएशन का धरना स्थगित

**शाहबाद।** शुक्रवार को अधिवक्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच एक खुली बैठक में वार्ता की गई। आने वाले मंगलवार तक मांगे पूरी किए जाने के आश्वासन के बाद बार एसोसिएशन ने अपना धरना स्थगित कर दिया जबकि न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा है।अधिवक्तागण द्वारा अपनी सभी जनहित की मांगे रखी गई सभी मांगों के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा आने वाले मंगलवार तक का समय मांगा। इससे पूर्व सभी अधिवक्तागण धरना स्थल पर एकत्रित हुए और वार्ता के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई उन बिंदुओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखने के लिए मनोज भारद्वाज एड० को बार अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों को बार अध्यक्ष तकरीर उर रहमान खां द्वारा मंगलवार तक का समय देकर बार एसोसिएशन ने सभी मांगे पूरी होने तक न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया और अंतिम निदान तक धरना स्थगित कर दिया गया गया है किंतु न्यायिक बहिष्कार जारी रहेगा।



शाहबाद में एसडीएम आशुतोष कुमार संग वार्ता करते वकील

## धूमधाम से मनाया भारतीय किसान संघ का 47 वां स्थापना दिवस

**रामपुर।** मिलक के ग्राम विक्रमपुर में भारतीय किसान संघ का 47 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक किसान एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा के द्वारा संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया।इसके साथ ही भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा संगठन का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आदित्य कुमार ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री राम बहादुर गंगवार जी ने भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर द्वारा किसानों के हित में किए विभिन्न कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं ब्लॉक उपाध्यक्ष मिंटू तिवारी जी ने भी स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन की स्थापना, उद्देश्य एवं किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद जी ने होली गीत एवं आल्हा प्रस्तुत कर उपस्थित किसानों और कार्यकताओं का भरपूर मनोरंजन किया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया।अंत में जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने संबोधन में सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लेने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों एवं कार्यकताओं का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में भारतीय किसान संघ के सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाते हुए एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर पुष्पों की होली खेली और हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री अजय गंगवार, जिला बी प्रमुख सुमित कश्यप, तहसील अध्यक्ष आशीष चंद्र, नगर अध्यक्ष मिलक सचिन शर्मा, ब्लॉक प्रचार प्रमुख रविंदर गंगवार, सह मंत्री चिंटू पांडे, घनश्याम कुर्मी, अरुण श्रीवास्तव, अनमोल दिवाकर, ग्राम प्रधान रघुनंदन प्रसाद शर्मा गंगवार, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, हरीश शर्मा, पवन शर्मा, अरुण श्रीवास्तव, आकाश कश्यप, धर्मेंद्र गंगवार, सुरेंद्र कश्यप, शिवम शर्मा सहित अनेक किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी पाठ्यक्रम यूजीसी से मान्यता प्राप्त एवं पूर्ण वैध : डॉ. जागृति

● इग्नू से प्राप्त करें प्राइवेट एजुकेशन संवारे अपना भविष्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी से बढ़कर 15 मार्च हो गई है।

बरेली एवं मुरादाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्राइवेट फॉर्म नहीं निकाले जा रहे है अतः जो विद्यार्थी प्राइवेट एजुकेशन प्राप्त करना चाहते हैं या संस्थागत प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैं अथवा किसी शासकीय, अशासकीय सेवा में हैं उनके लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय सहायक बन सकता है।

प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगरा ने बताया कि इग्नू देश का सबसे बड़ा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान है जो शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है एवं दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करता है,जिसके सभी पाठ्यक्रम यूजीसी से मान्यता प्राप्त एवं पूर्ण वैध हैं,जो रोजगारोन्मुखी भी है। इग्नू सह समन्वयक डॉ.सोमेन्द्र सिंह ने कहा कि इग्नू बदलते समय और करियर की जरूरत के अनुरूप इग्नू की लचीली शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों,कार्यरत युवाओं और पेशेवरों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्विद्यालय है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ई ज्ञानकोष एवं स्वयंप्रभा जैसे डिजिटल अधिगम संसाधन एवं किफायती शिक्षा प्रदान करता है।

यूजीसी अध्यादेश के अनुसार एक रेगुलर कोर्स के साथ एक प्राइवेट कोर्स भी साथ साथ किया जा सकता है। अध्ययन केंद्र पर बीए, बीकॉम बीबीए, बीलिब, एमए ,एमकॉम,डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट उपलब्ध है। स्नातक एवं कुछ अन्य पाठ्यक्रमों के शुल्क में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार 50 प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। प्रवेश समर्थ पोर्टल से एवं परीक्षाएं रजा महाविद्याल में होंगी।अधिक जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र पर संपर्क किया जा सकता है।

### एसपी ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओ एवं कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चेक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

# जनपद में 9 से 23 तक चलेगा कुष्ठ रोगी अभियान

● अभियान की तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए 9 से 23 मार्च एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव और घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान करना और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान सरकार के निदेर्शानुसार चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ-साथ गांव की आशा कार्यकताओं को भी शामिल किया गया है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगी और कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों वाले मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देंगी। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता दो साल से अधिक उम्र के बच्चों और लोगों की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। लोगों से भी अपील है कि वह अभियान में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत नहीं होता है मल्ट्री ड्रग थेरेपी एमडीटी से यह रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता हैं। त्वचा के रंग में परिवर्तन होना, सुन्नपन होना, त्वचा चमकीला होना और तैलीय होना।

आंखों को बंद करने में दिक्कत और उसमें पानी आना। भौंह के बाल गिरना, हाथों में घाव और दर्द रहित घाव होना और हथेली पर छाले होना कुष्ठ रोग के लक्षण हैं।

### टांडा में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह से वाहन चालकों में बेचैनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** अमेरिका-ईरान जंग के चलते पैट्रोल-डीजल की कमी और कीमतों में इजाफे की खबर से वाहन चालकों में बेचैनी देखी जा रही है।शुक्रवार को नगर के दो पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म होने का नोटिस लगाने से उनकी परेशानी में और इजाफा हो गया।

इसके अलावा जिन पंप पर पेट्रोल-डीजल मुहैया है,वहां खरीदारों की लंबी कतार लगी थी।लोग तेल के अभाव की अफवाहों के बीच अपने वाहनों में पेट्रोल डीजल भरवाने के साथ ही बड़ी बोतलों और केनों में पेट्रोल भरवाकर रख रहे हैं।हालांकि जानकारों का कहना है फिलहाल युद्ध का स्थानीय बाजार पर कोई असर नहीं दिख रहा है।लोग महज अफवाहों के चलते पेट्रोल-डीजल का स्टॉक कर रहे हैं,जिससे आम ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पैट्रोल पम्पों का नियमित निरीक्षण किया जाए और जानबूझकर ग्राहकों को परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# पीपली वन में तस्करों ने काटे पेड़

● वन में धड़ल्ले से कट रहे प्रतिबंधित पेड़, वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** तहसील क्षेत्र के थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरूवार की रात वन तस्करों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली को खुली चुनौती देते हुए पचास से अधिक कीमती और प्रतिबंधित पेड़ों को काट डाला। इस दौरान वन कर्मियों और वन तस्करों के बीच दो बार मुठभेड़ भी हुई। लेकिन दोनों ही बार तस्कर भारी पड़ते नजर आए। वन कर्मियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

गुरूवार रात करीब दो दर्जन से अधिक वन तस्कर पीपली वन में घुस आए और खैर, सागौन व शीशम जैसे कीमती पेड़ों पर आरी चला दी। वन विभाग की टीम



पीपली वन में काटे गए पेड़ों के निशान।

मौके पर पहुंची भी लेकिन तस्करों की संख्या अधिक होने के कारण वन कर्मियों को उन्हें रोकने में सफलता नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि दो बार आमना सामना होने के बावजूद तस्करों ने वन कर्मियों को खदेड़ दिया। आराम से पेड़ों को काटकर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि जहां ग्रामीण और स्थानीय लोग पचास से अधिक पेड़ों के कटान की बात कर रहे हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी अपनी नाकामी छिपाने के लिए केवल दो पेड़ों के कटान की पुष्टि कर रहे हैं। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीपली वन में पिछले कई दशकों से खैर, सागौन और शीशम जैसे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान लगातार जारी है। वन माफिया रात के अंधेरे में बेखौफ होकर पेड़ों को काटते हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हालांकि इससे पहले भी कटान न रोक पाने और वन तस्करों से सांठगांठ के आरोपों के चलते दो वन रेंजर, एक डिप्टी रेंजर और कई वन कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लगातार हो रही अवैध कटान से पीपली वन का अस्तित्व धीरे धीरे सिमटता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन विभाग ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले वर्षों में यह वन क्षेत्र पूरी तरह उजड़ सकता है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली और जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

# गरीबी के आगे टूट रही थी माता-पिता की आस, तब संजीवनी लाया प्रशासन

- दो मासूमों के इलाज के लिए बढ़ाए हाथ, जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी पीड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** डीएम अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशीलता जनता दर्शन में सुनी पीड़ा चाइल्ड फंड से तुरंत स्वीकृत की लाखों रूपयों की सहायता की,कहते हैं जब हर दरवाजा बंद हो जाता है और इंसान बेबसी की चादर ओढ़ लेता है, तब कोई न कोई उम्मीद की किरण जरूर नजर आती है। ऐसा ही मार्मिक दृश्य कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में देखने को मिला। गरीबी के कारण अपने बीमार बच्चों का इलाज कराने में लाचार माता-पिता की आंखों में उस वक्त खुशी के आंसू छलक पड़े। जब जिला प्रशासन उनके लिए



कलेक्ट्रेट सभागार में पीड़ित परिवार को चेक सौंपते जिलाधिकारी।

मसीहा बनकर सामने आया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की संवेदनशीलता और आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा की प्रशासनिक तत्परता ने न सिर्फ दो मासूमों के इलाज का रास्ता साफ किया, बल्कि सिस्टम पर आम आदमी के भरोसे को भी और मजबूत कर दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। लेकिन इस दौरान सबसे भावुक पल वह था जब दो गरीब परिवारों को उनके बीमार बच्चों के इलाज के लिए चाइल्ड एंड केयर प्रोटेक्शन फंड से जीवनदायिनी आर्थिक मदद सौंपी गई। जिलाधिकारी ने तहसील सदर के ग्राम सैजनी नानकार निवासी अफनान, जो मुरादाबाद के डीएनबी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

अभिभावक को 47,000 रुपये का चेक प्रदान किया। इसी तरह तहसील सदर के नालापार की रहने वाली अकशा, जिसका इलाज एसएस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में चल रहा है। इसके परिजनों को 46,500 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया।

### डीपीओ धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा ने दिखाई गजब की फुर्ती

इस मार्मिक कहानी की शुरूआत पिछले जनता दर्शन से हुई थी, जब इन बच्चों के माता-पिता ने रुंधे गले से डीएम को बताया था कि तंगहाली के कारण उनके बच्चों का इलाज बीच में ही रुकने वाला है। डीएम ने तुरंत मदद का आश्वासन दिया। इस वादे को जमीन पर जल्द से जल्द उतारने में आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अहम भूमिका निभाई।

अक्सर सरकारी काम फाइलों में अटक जाते हैं, लेकिन डीपीओ ने इस मामले में गजब की मानवीयता और तत्परता दिखाई। उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कागजी कार्यवाही को मिशन मोड में पूरा करवाया। उनकी इसी सक्रियता का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में सहायता राशि स्वीकृत होकर गरीब माता-पिता के हाथों में पहुंच गई।

### पैसों की कमी से नहीं रुकेगा किसी बच्चे का इलाजः डीएम

चेक सौंपने के बाद जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने स्पष्ट संदेश दिया कि प्रशासन जरूरतमंदों के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। उन्होंने कहा, बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी बच्चे की सांसें या उसका इलाज पैसों के अभाव में न रुके। डीएम ने डीपीओ धर्मेन्द्र मिश्रा की त्वरित कार्यशैली की सराहना करते हुए अन्य अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ इसी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।

## शाहबाद में 8 वर्षीय मासूम ने रखा अपना पहला रोजा

**शाहबाद।** नगर निवासी फैजान खान उर्फ फैजी खान के 8 वर्षीय बेटे जयान ने अपने बर्थडे पर रमजान के पवित्र महीने में अपना पहला रोजा रखा। जिससे परिवार में खुशियों का माहौल बन गया। मासूम के दादा ने खुशी का इजहार करते हुए मासूम का हौंसला बढ़ाया। कम उम्र में रोजा रखने के उनके उत्साह और संकल्प से परिवार के लोग बेहद खुश हैं।जयान के पिता फैजी खान ने बताया कि उनका बेटा इस बार रमजान में रोजा रखने की जिद कर रहा था। उसके उत्साह को देखते हुए उसे रोजा रखने की अनुमति दी गई। जयान ने पूरे दिन संयम और धैर्य के साथ अपना पहला रोजा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर उसके दादा जावेद खान ने कहा कि यदि इंसान सच्चे मन से प्रयास करे तो कोई भी काम असंभव नहीं होता। उन्होंने बताया कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और दुआओं का महीना होता है। इस दौरान अल्लाह की रहमत बरसती है और बच्चों की मासूम दुआएं भी कबूल होती हैं। जयान खान के पहला रोजा रखने से परिवार में खुशी का माहौल बन गया।



जयान

# जल्द चालू होगा जर्जर राम रहीम पुल कार्य

- होली पर्व को लेकर रोक दिया था कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जर्जर राम रहीम पुल का कार्य एक दो दिन में ही शुरू होने वाला है। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। होली के पर्व को लेकर पुल की मरम्मत कार्य रोक दिया गया था। लेकिन अब जल्द ही चालू होना वाला है।

शहर से ज्वालानगर आने-जाने को राम रहीम पुल होकर गुजरना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग ने काफी पुराने इस पुल की मरम्मत का कार्य आरंभ करा दिया है।

इस कार्य के लिए विभाग को दो करोड़ का बजट प्राप्त हो चुका है। पुल के 14 पिलरों के बेयिरंग बदलने का कार्य आंरभ किया जा रहा है। सहायक अभियंता राजेंद्र सिंह ने बताया कि होली पर्व को लेकर कार्य को रोक दिया था। लेकिन अब जल्द ही चालू होने वाला हैं। दोनों तरफ कार्य प्रगति पर होने तथा भारी वाहनों का प्रयोग पूर्णता वर्जित होने का संदेश के बोर्ड लगाए गए हैं। ताकि कोई भारी वाहन पुल के ऊपर नहीं चढ़ सके।



राम रहीम पुल।

## रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमें को मस्जिदों में उमड़े नमाजी

**शाहबाद।** रमजान उल मुबारक के माह के तीसरी जुमे की नमाज में मस्जिदे नमाजियों से भरी दिखी। नगर की हर एक मस्जिद नमाजियों से भरी हुई थी, रमजान उल मुबारक के तीसरी जुमे के मौके पर नगर पंचायत शाहबाद की ओर से प्रत्येक मस्जिद पर नमाजियों के स्वागत के लिए चूना डलवाया गया था, रमजान उल मुबारक के तीसरा जुमे की नमाज के मौके पर नगर की प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस तैनात रही इस मौके पर जमा मस्जिद के इमाम सलमान साहब ने रमजान उल मुबारक महीने की फजीलत बताते हुए तकरीर की। इस दौरान मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी में रफत अली, इंतखाब अली, सरफराज अली, नाहिद अली राजा, अनफाल मियां, नाहिद अली,वसीम मियां ने नमाज अदा की इसके अलावा दूसरी मस्जिदों में हाफिज नदीम ईदगाह कमेटी के सदर साजिद मियां, पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव सिफत मियां नसरत बेग,पूर्व सभासद अरशद अली, पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, सभासद जाजिब खां, निजावत अली, मुदस्सिर मियां चुन्नी साद मिया, नसीम हाफिज,वाहिद बेग,अदी साकिब,अली हैसम,मोहत्तर मियां आदि लोगों ने भी नमाज अदा की।

# तीसरे अशरे में ऐतिकाफ करें, शब ए-कदर तलाश करें मुसलमान

- रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे पर जिले भर की मस्जिदों में अकीदत और इबादत का माहौल देखने को मिला। शहर की जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने नमाज-ए-जुमा अदा की। जामा मस्जिद में सुबह से ही नमाज़ियों का आना शुरू हो गया। नमाज के समय तक मस्जिद में काफी भीड़ दिखाई दी। लोगों ने पूरे एहतराम और खुसूस के साथ नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी।

नमाज से पहले शहर काजी मौलाना सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि रमजान का दूसरा अशरा हमसे जुदा हो रहा है और अब मुसलमान तीसरे अशरे में दाखिल होने जा रहे हैं। यह अशरा जहन्नुम से नजात का अशरा माना जाता है, इसलिए इस दौरान इबादत का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आखिरी अशरे में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने ऐतिकाफ फरमाया है। इसलिए हर मोहल्ले की मस्जिद में कम से कम एक व्यक्ति का ऐतिकाफ करना जरूरी है। अगर किसी मस्जिद में ऐतिकाफ नहीं किया जाता तो पूरे मोहल्ले के लोग इसके जिम्मेदार माने जाते हैं। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि रमजान के आखिरी अशरे में शब-ए-कदर की तलाश करें। रातों को सोने या बेवजह घूमने के बजाय नफिल नमाज, तिलावत और दुआओं में वक्त गुजारें। नमाज के बाद जालिमों के जुल्म से नजात और देश में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआ की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने मोहल्लों की मस्जिदों में नमाज-ए-जुमा अदा कर दुआएं मांगी।



जामा मस्जिद में तीसरे जुमे को नमाज अदा करने के बाद दुआ मांगते नमाजी।

### होली मिलन, इफ्तार पार्टी का आयोजन

**रामपुर।** हर साल की तरह इस साल भी रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह और इफ्तार पार्टी का आयोजन रंग महल, गांधी समाधि में किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी होली के उपरांत, रमजान के पवित्र महीने में होली मिलन समारोह एवं रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया है। इसमें हमारी गंगा, जमुना परंपरा को सुदृढ़ बनाएगी। इस अवसर पर राजीव गुप्ता, नूर मोहम्मद सचिव, अमित शर्मा कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एतकाफ में बैठने वाले संग लेकर आए आधार कार्ड

**रामपुर।** मौलवी फैजान खां नायब इमाम ए शहर इमाम जामा मस्जिद ने जुमे के खुतबे के दौरान कहा कि दूसरा अशरा चल रहा है। जोकि खत्म होने की कगार पर हैं। उसके बाद तीसरा अशरा शुरू होगा। इसमें लोग गली-मोहल्लों की मस्जिदों पर एतकाक में बैठते हैं। इसलिए जो लोग जामा मस्जिद में एतकाफ में बैठना चाह रहे है तो वह आधार कार्ड लेकर जामा मस्जिद में बने दफ्तर में नाम दर्ज कराएं।

### जकात इस्लाम के पांच रुकनों में से एक बहुत अहम रुकनः मोहम्मद वसीम

**टांडा।** रमजान के तीसरे जुमे को नगर में सभी मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। इमामों ने रोजा,नमाज और जकात आदि अहम मसाइल पर तफ्सील से रोशनी डाली। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज मुफ़्ती मोहम्मद वसीम ने अदा कराई। उन्होंने खुतबे से पहले बयान करते हुए बताया कि जकात इस्लाम के पाँच रुकनों में से एक बहुत अहम रुकन है। अल्लाह तआला ने कुरआन-ए-पाक में साफ फरमाया है कि जो माल हमने तुम्हें दिया है, उसमें से खर्च करो। यह सारा माल अल्लाह का है और इस दुनिया में हमारा कुछ भी नहीं। अल्लाह ने पूरा माल खर्च करने का हुक्म नहीं दिया, बल्कि सिर्फ. ढाई प्रतिशत जकात निकालने का आदेश दिया है।यह हुक्म हर मुसलमान पर नहीं, बल्कि सिर्फ. बालिग, आकि ल और समझदार मुसलमान पर है, और वह भी सिर्फ. साहिब-ए-निसाब पर, यानी जिसके पास 87.5 ग्राम सोना (लगभग साढ़े सात तोला) या 612.36 ग्राम चाँदी (लगभग साढ़े बावन तोला) या उसकी कीमत के बराबर माल हो। एक कमरी साल गुजरने पर उस माल की जकात निकालना वाजिब हो जाता है।अल्लाह तआला ने कुरआन में जकात के आठ मसारिफ (खर्च करने की जगहें) बयान किए हैं,इनमें से पाँच मसरिफ फकीर व मिस्कीन (गरीब और मुहताज) के लिए हैं, जबकि तीन मसरिफ इस्लाम की सरबुलंदी, दीन की हिफाजत और वक़्ती जरूरतमंदों के लिए हैं।इस्लामी मदरसे इस्लाम की सरबुलंदी और दीन की इशाअत (फैलाव) का बहुत बड़ा जरिया हैं। इनमें जकात अदा करना दोहरा सवाब का सबब बनता है।एक जकात का फर्ज. अदा होता है, और दूसरा दीन की खिदमत और फैलाव का अज्र मिलता है,जो लोग जकात अदा नहीं करते, उनके लिए कुरआन-ए-पाक में सख़्त धमकी है। अल्लाह तआला फरमाता है कि उनके माल को जहन्नम की आग में तपाया जाएगा, फिर उससे उनकी पेशानियों, पहलुओं और पीठों को दाग लगाया जाएगा, और कहा जाएगा कि यह वही खजाना है जिसे तुम जमा करके रखते थे, अब इसका मजा चखो,इसलिए हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान को चाहिए कि अपने माल का पूरा हिसाब लगाए, सही तरीके से ढाई प्रतिशत जकात निकाले और उसे हकदारों तक पहुँचाए। जकात की अदायगी न सिर्फ. गरीबों की मदद करती है, बल्कि समाज में बरकत और अमन भी लाती है।



रमजान के तीसरे जुम्मे के मोके पर टांडा जामा मस्जिद में बयान करते मुफ़्ती वसीम साहब

# तुम तकवा इख्तियार करो रमजान महीना बहुत अजमतों-बरकतों वालाः कारी सलीम

- मोहल्ला पंजाबियान में 16 वीं नमाज ए तरावीह को कुरआन ए करीम मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय


**रामपुर।** रमजान उल मुबारक के इस महीने में मस्जिदों में रोज कहीं ना कहीं कुरआन ए करीम मुकम्मल हो रहे हैं। 16 वीं नमाज ए तरावीह को शहर के मोहल्ला पंजाबियान में सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक शुजा उल्लाह शम्सी, उबैद अनस शम्सी के आवास पर रोजाना कुरआन ए करीम के दो सिपारे सुनाए गए। जिसमें हाफिज आजम खां ने सुनाया। सामा के फराइज हाफिज उबैद ने अदा किए।

इस दौरान कारी सलीम ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हजरत साइमे इकराम अल्लाह रब्बुल इज्जत कुरआन अजीम में इरशाद फरमा रहा है ऐ ईमान वालों तुम पर रोजे फर्ज किए गए है जैसा कि तुम से पहले उम्मतों पर फर्ज किए गए थे। तकी तुम तकवा इख्तियार करो, यह महीना बहुत अजमत और बरकत वाला महीना है। इसमें नफ्ल के सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज के सवाब सत्तार गुना बढ़ा दिया जाता है यह वो मुबारक महीना है जिसमें अल्लाह अपने बेशुमार बंदों के मगफिरत फरमाता है और अपने रहमत के दरवाजे खोल देता है। इसलिए हमें चाहिए कि हम अल्लाह के ज्यादा से ज्यादा जिक्र करें। इस अवसर पर हाफिज साकिब, हाफिज नदीम, फराज कलीम खां, हाफिज वसीम आदि लोग मौजूद रहे।



शहर के मोहल्ला पंजाबियान में कुरआन ए करीम मुकम्मल होने पर दुआ करते लोग

# मस्जिद घेर आजम खां में कुरआन ए करीम तकमील



मस्जिद घेर आजम खां में कुरआन ए करीम तकमील होने पर दुआ करते लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मस्जिद घेर आजम खां में कुरआन ए करीम तकमील हुआ। यहां पर कारी शकील अहमद ने दो सिपारे सुनाए और मौलवी नाजिम ने सामा के फराइज अदा किए। बाद में दोनों मौलवियों ने कुरआन पाक ओर रमजान की अजमत बयान की। जकात ओर फितरे के बारे में बताया। आखिर में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर कमेटी के सदर मुतावल्ली मुसर्रत अली खां, नायब सदर जावेद अली खां, सेकेट्री मीर आलम खां, ज्वाइंट सेकेट्री फहीम हसन, खजांची नसीम मियां के अलावा जुनैद खां, शावेज खां, कासिम मियां, सलमान खां, शारिब खां आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहबाद- बाजपुर स्टेट हाइवे पर डंपर ने ऑटो रिक्शा को मारी टक्कर, खंदी में पलटा, तीन लोग जख्मी

- बरेली जनपद से होली मिलन समारोह में शामिल होने सम्भल जा रहा था परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार शाहबाद- बाजपुर स्टेट हाइवे स्थित रामगंगा पुल के पास डंपर ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो खंदी में जा गिरा। हादसे में तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घटिया निवासी 65 वर्षीय सूरजपाल अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने ऑटो रिक्शा से संभल जिले के डीओर गांव स्थित रिश्तेदारी में होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे, जैसे ही वह शाहबाद के रामगंगा पुल के पास पहुंचे, डंपर ने उनके ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। निकले थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो रिक्शा सड़क किनारे खंदी में पलट गया। हादसे में सूरजपाल, राम बेटी और ज्ञायाना गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को शाहबाद के सीएचसी पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। सीएचसी पर डॉक्टरों ने सूरजपाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



शाहबाद में बाजपुर स्टेट हाइवे पर डंपर की टक्कर लगने से खंदी में पड़ा ऑटो



उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती घायल सूरजपाल

# पुलिस कर्मियों पर वकील व उनके पुत्र से मारपीट का आरोप

- कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों पर एक अधिवक्ता और उनके पुत्र के साथ कथित मारपीट का आरोप लगाते हुए जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व दर्जनों अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र सौंपा। पत्र में हल्दौर थाना क्षेत्र में 4 मार्च 2026 को हुई घटना का उल्लेख करते हुए पुलिसकर्मियों पर मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है।शिकायत के अनुसार अधिवक्ता अमर सिंह चौधरी, निवासी ग्राम जमालपुर (थाना नहटौर), ने बताया कि 4 मार्च की शाम करीब 4:30 बजे उनका पुत्र रमन चौधरी, जो एलएलबी का छात्र है, पड़ोसी गांव भवानीपुर (थाना हल्दौर) में सामान लेने गया था। वापस लौटते समय उसने सड़क पर दो पक्षों के बीच विवाद देखा और भीड़ अधिक होने के कारण अपनी बाइक रोककर वहीं खड़ा हो गया।इसी दौरान हल्दौर थाने के चार-पांच पुलिसकर्मी एक कार से मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने आते ही रमन चौधरी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसकी बाइक और सामान भी अपने कब्जे में ले लिया और उसे वहीं बैठा लिया।कुछ समय बाद अधिवक्ता अमर सिंह चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से सूचना मिली कि उनके बेटे का भवानीपुर में एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से मौके पर पहुंचे। आरोप है कि जैसे ही वह वहां पहुंचे, पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी मारपीट की और बदसलूकी करते हुए जबरन पुलिस वाहन में बैठा लिया। उनके बेटे रमन को भी धक्का देकर गाड़ी में बैठा दिया गया।अधिवक्ता का आरोप है कि थाने में भी उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। बाद में बिजनौर के कुछ पदाधिकारियों के फोन आने पर उन्हें और उनके पुत्र को छोड़ दिया गया।जिला बार एसोसिएशन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 9 मार्च को

**कांठ।** तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 9 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ताओं ने रूपरेखा तैयार करनी शुरू कर दी हैं।
कांठ तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक विश्नोई ने बताया कि तहसील बार एसोसिएशन की ओर से परंपरागत तौर पर होली के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन होता आया है।
इसी को लेकर 9 मार्च को दोपहर 1 बजे से तहसील पर होली मिलन समारोह तहसील सभागार में आयोजित होगा। जिसमें स्थानीय अधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। अलावा अतिथियों को निमंत्रण भी दिया हैं। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ताओं ने रूपरेखा तैयार करनी शुरू कर दी हैं।

## अफजलगढ़ में भीषण सड़क हादसा

- बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

**अफजलगढ़ ,बिजनौर।** अफजलगढ़ क्षेत्र में देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के बिरला फार्म रोड पर ग्राम अलीपुर चौहड़ के सामने यह दर्दनाक हादसा हुआ।बताया जा रहा है कि बाइक सवार हरजीत सिंह उर्फ बंटी 27 वर्ष पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम साहरावाला उर्फ चाहड़वाला, थाना बढ़ापुर से अफजलगढ़ अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान सामने से आ रहे एक आयशर कैंटर ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बताई जा रही है, जबकि टक्कर मारने वाले आयशर कैंटर बताया गया है। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया।बताया कि मृतक हरजीत सिंह की करीब तीन वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी और वह खेती-बाड़ी का कार्य करता था। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन गांव निवासी ओमपाल सिंह के आवास पर किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा पुराण के आयोजन से पूर्व मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भजन गाते हुए डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे गांव में जगह-जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। धनौरा से पहुंचे कथा व्यास मोहित भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को सब पापों से मुक्ति मिलती है।वह पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है। इस दौरान ननुआ सिंह, जगदीश सिंह, रूप किशोर, ग्राम प्रधान जसवीर सिंह, मास्टर पूरन सिंह, डोरी सिंह, रिंकू सिंह,डॉक्टर विनोद, प्रशांत, सनी आदि मौजूद रहे।

## दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने की टक्कर में तीन गम्भीर घायल

**कांठ।** थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गई टक्कर लगने से दोनों भाई को पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर दो को मुरादाबाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है।थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम माधपुरी इनायतपुरी निवासी अजय कुमार पुत्र ओमपाल सिंह 22 वर्ष अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर ऊमरी चौराहे की तरफ को जा रहा था।जैसे ही उसकी बाइक ग्राम छजलैट नूरपुर मार्ग पर ग्राम रजपुरा के पास पहुंची तो सामने से तेज गति से आ रही बाइक की टक्कर उसकी बाइक में लग गई जिससे बाइक पर सवार अजय पुत्र ओमपाल घायल हो गया और दूसरी बाइक पर सवार फरमान पुत्र अंजार 25 वर्ष, उसका साथी आफताब निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर दोनों भाई को पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर फरमान एवं अजय को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया है।

## जिले के दो युवाओं ने पास की सिविल सेवा परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** जनपद के लिए गर्व की बात है कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षा सिविल सेवा में बिजनौर के दो युवाओं ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। नगीना क्षेत्र के मोहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी असद अकील अंसारी ने 321वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि बिजनौर के ही होनहार युवक अजीम ने 588वीं रैंक हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है।

नगीना के मोहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी असद अकील अंसारी, पुत्र अकील अहमद अंसारी, ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जैसे ही परिणाम की सूचना मिली, उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।वहीं दूसरी ओर, बिजनौर के अजीम ने भी 588 वीं रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। अजीम ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उनका परिवार साधारण पृष्ठभूमि से जुड़ा है। उनके पिता गांव में गुड़ का कोल्हू चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अजीम ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की।दोनों युवाओं की सफलता से पूरे जनपद में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।अजीम की सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। गुड़ का कोल्हू चलाने वाले पिता के बेटे ने कड़ी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों, तो किसी भी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## रमजान के तीसरे जुमे में की कौम व मुल्क की तरक्की की दुआ

**कांठ/छजलैट।** रमजान के तीसरे जुमे पर शुक्रवार को रोजेदारों ने कौम व मुल्क की तरक्की व सुख समृद्धि के लिए दुआ की।तीसरे जुमे की नमाज में क्षेत्र की सभी मस्जिद नवाजियों से फुल दिखाई दीं। शुक्रवार दोपहर नगर की जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, खुमरो वाली मस्जिद, ईदगाह मस्जिद गुलजार मस्जिद लाल मस्जिद, काजियान मस्जिद, छपरे वाली मस्जिद,आदि में जुम्मे की नमाज के लिए रोजेदारों की भीड़ रही। कौम की सलामती और मुल्क की तरक्की की दुआ के लिए हजारों हाथ उठे।

नवाजियो ने खुदा की इबादत करते हुए अपने परिवार की सलामती के लिए भी दुआएं मांगी। मस्जिदों के इमामों ने रमजान के पाक महीने में खुद को ज्यादा से ज्यादा इबादत और दूसरों की मदद करने पर जोर दिया। रमजान का तीसरा जुमा गुनाहो से मुक्ति और विशेष आशीर्वाद का समय माना जाता है। इस मौके पर देश में शांति, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ की जाती है। दूसरी और ऊमरी कला और छजलैट में भी तीसरे जुमे की नमाज को लेकर सभी मस्जिदों में रोजेदारों की अधिकांश भीड़ दिखाई दी।

## घर में घुसकर की मारपीट कई घायल

**कांठ /छजलैट।** गांव के ही कुछ व्यक्तियों से बच्चों की लड़ाई को लेकर खींचातानी चल रही है जिसके चलते मारपीट व गाली गलौज होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की ।
थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सलावा निवासी संजीव पुत्र रामगोपाल ने गांव के ही पुनीत, गोलू पुत्र महावीर पर आरोप लगाया कि मेरी पुत्रियों को रास्ते में रोककर गाली गलौज और बदतमीजी करते हैं इसी बात को लेकर कई बार समझाया भी लेकिन दबंग व्यक्ति होने के कारण अपनी मनमानी करते हैं 5 मार्च को पीड़ित की दो पुत्रियां जंगल गई थी वापस आते समय उपरोक्त व्यक्तियों ने रोककर गाली गलौज और बदतमीजी की जब उनकी शिकायत की तो वह घर पर आकर मारपीट करने लगे जिससे कई परिजन घायल हो गए बड़ी मुश्किल से पड़ोसियों ने बचाया पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 9 से 23 मार्च तक चलाया जाएगा कुष्ठ रोग खोजो अभियान

**कांठ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोग खोजो अभियान 9 मार्च से 23 मार्च तक लगातार चलाया जाएगा। इसके लिए आशा स्वास्थ्य कार्यत्रियों और एनजीओ के दो सदस्यों की 300 टीम गठित की गई है जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजेंगी जिससे उनका समय से उपचार हो सके।
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंठ में शुक्रवार को टीम के सभी 600 सदस्यों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार सैनी पैरामेडिकल ने कहा कि कुष्ठ रोग खोजो अभियान के तहत टीमों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें त्वचा पर लाल पीले हल्के रंग के धब्बे सुन्नपन पसीना नहीं आना। यह सभी कुष्ठ रोग की पहचान है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए गांव और शहर के मोहल्ले में इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अभी कांठ में 26 कुष्ठ रोगियों का इलाज रहा चल रहा है। इस अवसर पर बीपीएम चंद्रशेखर यादव, सीपीएम सैयद यासिर अली ने आशा कार्य कत्रियों को समझाया कि वह 9 मार्च 23 मार्च तक लगातार सभी गांव मोहल्ला में जाकर कुष्ठ रोग खोजो अभियान के तहत कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनका पंजीकरण कराकर रिपोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराकर कार्य निपटाएं। जिस समय रहते मरीजों को सही समय पर उपचार मिल सके। इस अवसर पर अनीता सिंह, सुमन पूनम, मंजू शर्मा, प्रियंका, सीता, राधा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


## आकाश कोरियन तायक्वोंडो एकेडमी में वार्षिक समारोह का आयोजन

**कांठ।** नगर के मोहल्ला फकीरगंज स्थित आकाश कोरियन तायक्वोंडो एकेडमी में वार्षिक समारोह का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।कार्यक्रम के अंत में एकेडमी के मुख्य कोच हर्ष शर्मा और रितिका शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तायक्वोंडो केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है। इस अवसर पर खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर बेल्ट भी प्रदान की गईं। साथ ही सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम को और भी सौहार्दपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## मौसम में बदलाव से बढ़े बुखार खांसी और जुकाम के रोगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** मौसम परिवर्तन के कारण बुखार, खांसी-जुकाम, नजला के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सहित निजी चिकित्सकों के क्लीनिकों पर भी रोगियों की भीड़ लगी हुई है।शुक्रवार को सीएचसी कांठ में भारी संख्या में रोगियों की भीड़ रही।
यहां करीब 400 लोगों की ओपीडी की गई, जिनमें से सबसे ज्यादा बुखार, खांसी-जुकाम, नजला आदि के रोगी रहे। चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह का कहना है कि इस समय मौसम बदल रहा है, सुबह और शाम को ठंड और दिन में गर्मी के कारण रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वायरल के चलते दिक्कते आ रही हैं। यदि कोई बुखार, खांसी, जुकाम या नजला आदि से ग्रस्त हैं तो वह बिना चिकित्सक की सलाह



के कोई भी दवाई का सेवन न करें। इस समय मौसम को देखते हुए सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जुकाम, बुखार की शिकायत पर अनुभवी चिकित्सक को दिखाकर कम से कम पांच दिन दवाई खाएं। उन्होंने बताया कि मरीजों की भीड़ को देखते हुए सीएचसी पर सभी दवाइयां उपलब्ध हैं, उन्होंने चिकित्सकों और सीएचसी स्टाफ को भी साफ निर्देश दिए है कि रोगियों को यदि बाहर से दवाइयां लिखने की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## जल जीवन मिशन योजना बनी शोपीस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** सरकार द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल ,हर घर नल के तहत लगभग 1 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया कार्य अभी भी अधर में लटका हुआ है जो घरों में टंकी लगाई गई है वह शोपीस बनकर रह गई। सरकार द्वारा लगभग 1 वर्ष पूर्व हर घर जल हर घर नल स्वच्छ जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था हर गांव व शहर में सरकार द्वारा भारी बजट लगाकर इस योजना को प्रारंभ कराया था लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण यह योजना अभी तक भी प्रारंभ नहीं हुई है नगर के नागरिक वर्षो से सड़कों की खुदाई होने के कारण परेशानियों से जूझ रहे हैं लेकिन प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी तक हर घर जल नहीं पहुंचा है सड़कों की खुदाई के कारण नागरिकों का निकलना मुश्किल हो रखा है और इस योजना तहत सरकार द्वारा निशुल्क पानी पहुंचाने का कार्यक्रम है स्वच्छ जल जीवन मिशन के अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा की गई तो उनका एक ही आश्वासन है कि शीघ्र ही पानी नगर में उपलब्ध कराया जाएगा लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण तहसील क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला में इस योजना के अंतर्गत पानी की टंकी बनाई गई जिसकी पाइप लाइन लगभग 4 किलोमीटर है और वहां पर मांत्र 6 घर बने हुए हैं फिर भी पाइप लाइन बिछाई गई है जो पाइप भी क्षतिग्रस्त हो चुका है अभी भी नगर वासी इस आशा में बैठे हैं कि स्वच्छ जल कब उपलब्ध होगा और कब टंकी में पानी पहुंचेगा क्षेत्र के नागरिकों ने अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार से मांगती है कि स्वच्छ जल योजना के अंतर्गत नगर व क्षेत्र को जल उपलब्ध कराया जाए।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा चंद्र वाहिनी चौधरी ने रचा इतिहास, बनीं आईपीएस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नहटौर।** नगर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा एवं हल्दौर क्षेत्र के गांव नांगल जट निवासी चंद्र वाहिनी चौधरी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 662 वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) कैडर प्राप्त हुआ है। चंद्र वाहिनी की सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोग उन्हें बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने बताया कि चंद्रवाहिनी चौधरी हल्दौर क्षेत्र के गांव नांगल जट निवासी चौधरी अरुण कुमार चौधरी और पूनम चौधरी की पुत्री हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही अपनी प्रतिभा और लगन का परिचय देना शुरू कर दिया था। वर्ष 2017 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। साथ ही उन्होंने जनपद स्तर पर भी चौथा स्थान हासिल कर अपनी मेधा का परिचय दिया था। बताया जाता है कि चंद्र वाहिनी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम और समर्पण के साथ तैयारी की। कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार व शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। चंद्र वाहिनी की सफलता की खबर मिलते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। वहीं विद्यालय परिवार में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों ने कहा कि चंद्र वाहिनी की सफलता विद्यालय के लिए गौरव का विषय है और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चंद्र वाहिनी चौधरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों ने भी इसे जनपद बिजनौर और नहटौर क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि चंद्र वाहिनी की सफलता से क्षेत्र की बेटियों को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिलेगी।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 -26 में चयनित बच्चों का हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 -26 के परिणाम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा डॉ. मोनिका के दिशा निर्देशन एवं नोडल शिक्षक राजदीप सिरोही के मार्गदर्शन में संविलियन विद्यालय अलीपुर खादर विकास क्षेत्र हसनपुर ने जनपद अमरोहा में सबसे ज्यादा सिलेक्शन दिए हैं।

विद्यालय के कुल आठ बच्चों का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। विद्यालय की छात्रा अंजलि पुत्री इकपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में द्वितीय रैंक प्राप्त की है। छात्रों में राजकुमारी पुत्री विजेंद्र सिंह, हर्षित पुत्र आल्हा सिंह, सोनम पुत्री देशराज सिंह, शिवानी पुत्री हरपाल सिंह, खुशी पुत्री विजयपाल सिंह, नाजिश पुत्री इकरार और सोनाक्षी पुत्री रामनिवास का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। सभी बच्चों की रैंक 50 के अंतर्गत है। शुक्रवार को परीक्षा में चयनित छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय द्वारा फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एव उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने चयनित छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। होमपाल सिंह द्वारा बताया की इस परीक्षा के लिए विद्यालय स्टाफ ने बच्चों के अभिभावकों से बात कर छुट्टियों के दिनों में भी बच्चों को बुलाकर परीक्षा की तैयारी कराई जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है। इसी प्रकार होमपाल सिंह ने कक्षा 7 और कक्षा 6 के बच्चों को भी इन बच्चों से प्रेरणा लेकर और अधिक मेहनत से पढ़ाई करने की सीख दी।


बच्चों का स्वागत करते हुए

राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा घोषित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक पढ़ाई हेतु 48000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह, हरपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, सुमन रानी,रामनिवास सिंह राकेश कुमार, पंकज कुमार, बलराज सिंह,नसरीन जहां ,नीरज रानी, कुमारी नीतू व विजयपाल सिंह उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 की तैयारियां तेज कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार प्रस्तावित जनगणना-2027 को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने की, जबकि यह बैठक जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में आयोजित की गई।

विकास भवन स्थित मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा तथा पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों में कार्यरत कार्मिकों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें जनगणना कार्य के लिए नामित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वे अपने-अपने विकास खंडों में तैनात अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों की सूची तैयार कर संबंधित उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराएं।इसके साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विभाग में कार्यरत पंचायत सहायक, सफाई कर्मी एवं रोजगार सेवकों में से ऐसे कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराई जाए, जिन्हें मोबाइल, टैबलेट अथवा कंप्यूटर के संचालन का ज्ञान हो, ताकि उन्हें जनगणना कार्य में लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के चयन के बाद सभी कार्मिकों को डिजिटल उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जुमे की नमाज के बाद अमेरिका इसराईल के खिलाफ हुआ प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी


प्रदर्शन करते लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शिया समुदाय ने जुमे की नमाज काली पट्टी बांधकर अदा की जुमे की नमाज के बाद सादात की मस्जिद से लेकर नजदीक मे स्थित दादे हाजी हरमैन मियाँ की दरगाह तक अमेरिका इसराईल के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे इस दौरान अमेरिका इसराईल मुदार्बाद और ईरान खामेनेई जिंदाबाद के नारे लगाए गए मौलाना कम्बर अली और डॉ अहमद मुर्तजा ने बताया कि ईरान देश अमेरिका इसराईल जैसे जालिम देशों के आगे कभी हार नही मानेगा वो जुल्म का डटकर मुकाबला करता रहेगा हर जुल्म व जालिम का अंत होना निश्चित है बहुत जल्द अमेरिका और इसराईल का नाम दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा अल्लाह इन जालिमों को बर्बाद कर देगा।

## इमाम हसन मुजतबा की यौमे विलादत पर हुआ नूरानी जशन

**हसनपुर।** नगर के इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली मे दूसरे इमाम हजरत हसन मुजतबा अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत के सिलसिले से एक नूरानी जशन हुआ।देर रात जशन का आगाज मुहम्मद हैदर ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। डॉ. लईक हैदर ने खुदा की हम्द व नाते रसूल पढ़ी। उसके बाद रियाजुल हसन, गुलाम हैदर रिजवी, एजाज मुर्तजा, शबीह हैदर, मोहम्मद अब्बास, अम्मार हैदर, अली काशिफ, फिरोज हैदर रिजवी, हसन मेहदी, मिसाल अब्बास, मुहम्मद जैद, रिहान अब्बास, अली रजा, यूसुफ, निहाल, शनावर आदि ने इमाम हसन की शान मे कलाम पढ़े। मौलाना हाजी कम्बर अली ने तकरीर मे कहा कि आखरी रसूल के बड़े नवासे दूसरे इमाम हजरत हसन मुजतबा अलैहिस्सलाम की विलादत 15 रमजान को हुई थी` इमाम का नाम हसन है और मशहूर लकब मुजतबा है। इमाम ने सारी दुनिया को अमन सुकून आपसी मेलजोल भाईचारे मुहब्बत का संदेश दिया। मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराकर जशन का समापन हुआ।इस मौके पर काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

# इबादत के नूर से रोशन हुई मस्जिदें


मस्जिद में नमाज अदा करते नमाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** माहे-मुकद्दस रमजान-उल-मुबारक के तीसरे जुमे पर नगर की फिजाएं इबादत और रूहानियत से सराबोर रहीं। नगर की जामा मस्जिद समेत तमाम इबादतगाहों में मोमिनों का ऐसा हुजूम उमड़ा कि मस्जिदों जगह भी कम पड़ गई।अकीदतमंदों ने निहायत ही खुलूस और इन्केसारी के साथ जुम्मे की नमाज अदा की।

शहर इमाम मुफ़्ती मोहम्मद मेराजुद्दीन ने मिम्बर-ओ-मेहराब से खिताब करते हुए फरमाया कि रमजान का यह मुकद्दस महीना अल्लाह की रहमतों का खजीना है। उन्होंने ताकीद की कि जुमातुल विदा की आहट हमें इस बात का एहसास कराती है कि हम इन कीमती लम्हों में ज्यादा से ज्यादा नेकियां कमाए और अपने गुनाहों की तौबा करें। इमाम साहब ने इंसानियत, हमदर्दी और मजहबी रवादारी पर जोर देते हुए सबको नेक राह पर चलने की तलकीन की।अमन-ओ-अमन और बाहमी इत्तेहाद के लिए खुसूसी दुआएं मांगी गईं। खास बात यह रही कि नमाज का यह तमाम सिलसिला निहायत ही पुरअम्न और नज्म-ओ-जब्त के साथ मुकम्मल हुआ। अकीदतमंदों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए खुद ही तमाम इंतजाम संभाले, जिसके सबब वहां पुलिस की गैर-मौजूदगी के बावजूद अमन-ओ-सुकून का माहौल बरकरार रहा। रोजेदारों की आंखों में इबादत का नूर और रुखसारों पर तक्वे की चमक साफ नुमाया थी।

## कर्ज चुकाने के लिए जमीन बेचने पर बेटों ने पिता को पीटा दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बेटों द्वारा अपने बुजुर्ग पिता के साथ मारपीट करने का मामला। कोतवाली क्षेत्र गांव अगरौला कला निवासी पीड़ित खेमचंद्र पुत्र बदलू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी की लंबी बीमारी और इलाज के चलते उन पर करीब 3 लाख रुपये का कर्ज हो गया है।उन्होंने अपने बेटों से कर्ज चुकाने में मदद मांगी, तो बड़े बेटों ने साफ इनकार कर दिया। मजबूरन पीड़ित ने अपने हिस्से की एक बीघा जमीन बेचकर कर्ज उतारने का निर्णय लिया। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर दोनों बेटों ने पिता को गाली-गलौज दी और एक बेटा ने उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे उन्हें गंभीर गुम चोटें आई हैं। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी बेटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जब इस बारे में कोतवाली के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग बच्ची से कथित दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला 3 मार्च 2026 को सामने आया था, जब पीड़िता के पिता ने थाना डिलारी पहुंचकर लिखित तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव गक्खरपुर निवासी नकुल पुत्र रामौतार (लगभग 21 वर्ष) उनकी 11 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम)/6 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डिलारी पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी।पुलिस टीम ने तीन दिन के भीतर ही आरोपी नकुल को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक घनश्याम, हेड कांस्टेबल चन्द्रसेन और हेड कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को समुचित अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बच्चियों के साथ किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## होली मिलन समारोह में राधा-रानी के भजनों पर झूमी महिलाएं

**ठाकुरद्वारा।** नगर के प्राचीन खाकेश्वर मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने राधा-कृष्ण और राधा रानी के होली भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय और रंगमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर में भगवान शिव, राधा-कृष्ण और राधा रानी के पूजन व आरती के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक आज बिरज में होली रे रसिया,राधा रानी के रंग में रंगा श्याम जैसे होली भजनों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। भजनों की धुन और ढोलक-मंजीरे की ताल पर महिलाएं झूम उठीं और मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति व उत्साह से गूंज उठा। रंग-गुलाल के बीच श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ महिलाओं के नृत्य और भक्ति भाव की सराहना की। देर शाम तक मंदिर परिसर में राधा-रानी के भजनों की गूंज और होली के गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि भक्ति, प्रेम और आपसी भाईचारे का भी प्रतीक है। ब्रज की परंपरा में राधा-कृष्ण की होली का विशेष महत्व है और इसी भाव को जीवंत रखने के लिए ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।कार्यक्रम में इंद्र शर्मा, सुनीता सक्सेना, शारदा शर्मा, अशोक कुमार गहलोत एडवोकेट, शिवेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल एडवोकेट, मंदिर प्रबंधक अनुज कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रितेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व नगरवासी उपस्थित रहे।

# अमेरिका-इजरायल युद्ध को लेकर किसान मजदूर सभा ने जताई चिंता

- **महिला दिवस पर 8 मार्च को संयुक्त मोर्चे जनसभा की जाएगी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा (एआईकेएमएस) जिला कमेटी मुरादाबाद ने अमेरिकाझइजरायल युद्ध की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बताया है। संगठन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि अमेरिका द्वारा इजरायल का समर्थन करते हुए युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने से पूरे विश्व में तनाव और बढ़ गया है, जिसका सीधा असर आम जनता, विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है।

सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि युद्ध और सैन्य टकराव की राजनीति से वैश्विक स्तर पर आर्थिक संकट गहराता है। इससे खाद्यान्न, तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, जिसका भार अंततः किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों पर ही पड़ता है। संगठन ने कहा कि युद्ध की स्थिति मानवता के लिए घातक है और इससे निर्दोष लोगों की जान जा रही है।

उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि विश्व के सभी देशों को युद्ध के बजाय शांति और कूटनीतिक समाधान का रास्ता अपनाना चाहिए। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे युद्ध विराम के लिए ठोस पहल करें, ताकि निर्दोष नागरिकों की जान बचाई जा सके और विश्व में शांति कायम हो सके।अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रांतीय अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों से कहा कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता, बल्कि इसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। उन्होंने मानवता और शांति की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की ।

बताया कि देश में शांति कायम करनेकी मांग को लेकर8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुराने एसडीएमपरिसर में संयुक्त संगठन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा । इसके बाद कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क कदीर तिराहा से जुलूस निकाला जाएगा । जिसकी सूचना प्रशासनको दे दी गई है । संगठन के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में एकत्र हो ।

# पति की प्रेमी के साथ हत्या करने वाली पत्नी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** मामला गंगा के टापू में बसे दारानगर गांव का है। यहां पर किसान महावीर सिंह के तीन बेटों में ओमपाल (35) सबसे बड़े थे। करीब 13 साल पूर्व उनकी शादी हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव निवासी कल्लो के साथ हुई। जिससे उन पर तीन बच्चे रविकांत, बेटी साक्षी और बेटा बादल हैं। ओमपाल खेती के साथ ही मजदूरी करते थे। उनके छोटे भाई जोगेश ने मृतक की पत्नी कल्लो और उसके प्रेमी आदमपुर थाना क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी बबलू के खिलाफ हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

एफआईआर के मुताबिक उनकी भाभी का बबलू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसका ओमपाल विरोध करते थे। वह अपने प्रेमी के साथ कई बार गई। एक बार तीन-चार महीने उसके साथ रहकर अपने घर आई थी। दो महीने पूर्व भी उसके साथ चली गई थी। कई दिन बाद घर आई थी।चार मार्च को होली के रंग के दिन बबलू गांव में आया तो ओमपाल की उससे कहासुनी हो गई थी। वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। बुधवार रात को बबलू गांव में आया। यहां कल्लो ने प्रेमी के साथ मिलकर उनके भाई की प्लास्टिक की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे से लटका दिया। पुलिस ने जोगेश की तहरीर पर कल्लो व उसके प्रेमी बबलू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। बृहस्पतिवार को सीओ और इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ गांव में गए। मौके पर जांच पड़ताल की। इस बीच हत्यारोपी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। महिला दरोगा कृष्णा दाहिमा ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल प्लास्टिक की रस्सी बरामद की।इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि हत्यारोपी पत्नी कल्लो को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका प्रेमी पुलिस के हाथ नहीं लगा है। उसकी गिरफ्तारी को पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# भाजपा की सरकार में हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किया जा रहे:उदयगिरि

- **राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत एवं अभिनंदन समारोह**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उदयगिरि गोस्वामी के पुनः भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शुक्रवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के सभागार में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा एक स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।


भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ


कार्यक्रम में शामिल जनसमूह

कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर उदयगिरि गोस्वामी की नियुक्ति होने पर उनका स्वागत करना था। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारी द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्ता का सम्मान होता है, इसी के साथ उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर,उषा शर्मा,अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल,अमित अग्रवाल, राजीव शुक्ला,विक्रम महंत, वंदना शर्मा,बबीता सैनी,आम्रपाली गुर्जर ,आरती शर्मा, प्रमोद त्यागी, देवेंद्र खड़गवंशी, विजय शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# कल वित्त मंत्री करेंगे 'द अशोका लाइब्रेरी' का उद्घाटन

शाहजहांपुर। निगोही रोड स्थित अशोक विहार कॉलोनी में सम्राट अशोक पार्क के पास बनी वातानुकूलित 'द अशोका लाइब्रेरी' का उद्घाटन 8 मार्च को किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना अपराह्न 4.30 बजे लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात कर उन्हें उद्घाटन



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्रा और जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि लाइब्रेरी को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और पुस्तक प्रेमियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा।

# 36वां होली मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

तिलहर (शाहजहांपुर)। नगर पालिका परिसर में 36वें होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार और विधायक सलोना कुशवाहा सहित कई प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में वृंदावन और बनारस से आए कलाकारों ने आकर्षक झांकियों और नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन के साथ हुई। इसके बाद वृंदावन के स्टार झांकी ग्रुप के कलाकारों ने शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, रामलला और अंजनी लाल सहित कई देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। राधा-कृष्ण के मयूर भाव नृत्य ने दर्शकों को खासा आकर्षित



किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार, विधायक सलोना कुशवाहा, डॉ. रामसिंह कुशवाहा, यूपीएससी में 11वीं रैंक हासिल कर फंड कमिश्नर बनीं नगर की एकांक्षी गुप्ता, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगुल किशोर पाल और इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव को आयोजक समिति की ओर से पटका ओढ़ाकर और श्री राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि होली मिलन समारोह की शुरुआत वर्ष 1991 में नगर के उद्योगपति स्व. राकेश कुमार गुप्ता ने की थी। उनके निधन के बाद उनके भाई प्रदीप गुप्ता सर्राफ और समिति के सदस्य इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। आयोजन में व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समारोह में मुख्य आयोजक प्रदीप गुप्ता सर्राफ, सौरभ गुप्ता रवि, अमित गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, प्रमोद मिश्रा, अर्पित गुप्ता, नितिन गुप्ता एडवोकेट, सतीश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, श्याम रस्तोगी, अजय गुप्ता उर्फ मल्लू भैया, राजेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, साहू मनोज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, दसीराम आर्य, राहुलदेव सागर एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता दीपू, शशांक गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, शोभित गुप्ता, हरीश गुप्ता, सोनू खन्ना, डॉ. राजीव अग्रवाल, अशोक गुप्ता ठेकेदार, शिवम गुप्ता ठेकेदार, हरिमोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता ठेकेदार, रामौतार गुप्ता, अरविंद रस्तोगी, वैभव रस्तोगी, पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष संजय गुप्ता और मनोज प्रबल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नूरी मस्जिद में 16वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल

शाहजहांपुर। महानगर के मोहल्ला तारीन स्थित नूरी मस्जिद में 16वीं तरावीह के दौरान कुरआन शरीफ मुकम्मल होने पर जश्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मस्जिद के इमाम मौलाना शरीफ खां ने कुरआन की तिलावत से की। इस मौके पर मौलाना अब्दुल वकील खां ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान रहमत और बरकत का महीना है। इस महीने में अल्लाह इबादत और नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ा देता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा समय इबादत में बिताना चाहिए। उन्होंने लोगों से रमजान में अधिक से अधिक सदका और जकात देने की भी अपील की।



कार्यक्रम के दौरान हाफिज इस्लाम बरकाती ने नातिया कलाम पेश किया। वहीं कुरआन सुनाने वाले हाफिज मुहम्मद यूनुस खां और मस्जिद के इमाम मौलाना शरीफ खां को मस्जिद कमेटी और मौजूद लोगों ने नजराना और तोहफ़े देकर सम्मानित किया। अंत में मौलाना अब्दुल वकील खां ने मुल्क की खुशहाली और अमन-चौन के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर वक्फ सईदिया कमेटी के सदर हाजी इम्तियाज अली खां, सैयद मुजीब मियां, पूर्व पालिका अध्यक्ष तनवीर खां, मासूम अली अंसारी, डॉ. मसूद अख्तर खां, इजहारुल हक उर्फ खान मियां, सुहैल बेग, तसनीम अली खां, मोहम्मद यामीन, मलक हबीबुर रहमान नत्थू खां, जावेद आलम खां समेत कई लोग मौजूद रहे। अंत में हाजी इम्तियाज अली खां एडवोकेट ने सभी का धन्यवाद किया।

# रमजान के तीसरे जुमे पर बताई रोजे की फजीलत

शाहजहांपुर। पवित्र माह रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे के अवसर पर सलेमाबाद पट्टी स्थित रजा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। नमाज से पहले मौलाना वकार हुसैन हातिमी ने तकरीर करते हुए रमजान और रोजे की अहमियत बताई। मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह की रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। इस महीने में की गई हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा इबादत, कुरआन की तिलावत, नमाज और सदका-खैरात



करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान के जुमों की खास अहमियत होती है और तीसरे जुमे को लोग बड़ी अकीदत के साथ अदा करते हैं। रोजे का असली मकसद सब्र, परहेजगारी और अल्लाह की बंदगी सीखना है। उन्होंने बताया कि रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपने दिल, जबान और नजर को भी गुनाहों से बचाना असली रोजा है। मौलाना ने लोगों से अपील की कि रमजान के इस पाक महीने में गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की मदद करें और समाज में भाईचारा व आपसी मोहब्बत को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि जकात और सदका देने से जरूरतमंदों को सहारा मिलता है और अल्लाह की रहमत भी नसीब होती है। तकरीर के बाद बड़ी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की और देश में अमन-चौन, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए दुआ मांगी। रमजान के तीसरे जुमे को लेकर मस्जिदों में खास रौनक देखने को मिली।

## जिला सहकारी बैंक का 87वां अधिवेशन आज

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद होंगे मुख्य अतिथि

शाहजहांपुर। जिला सहकारी बैंक का 87वां अधिवेशन शनिवार को अंटा स्थित अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अधिवेशन में स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां उनके उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सुबह 9.30 बजे से पंजीकरण शुरू होगा। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डी.पी.एस. राठौर ने यह जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों और बैंक से जुड़े प्रतिनिधियों से समय से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## ट्रेन में दो यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, उपचार के बाद रवाना

शाहजहांपुर। ट्रेन में यात्रा के दौरान दो यात्रियों की अचानक तबीयत बिगड़ने पर कंट्रोल के निर्देश पर ट्रेनों को रेलवे स्टेशन पर रोका गया। यहां दोनों यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने के बाद ट्रेनों को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, 05736 कटिहार अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन के कोच नंबर ए2 की बर्थ नंबर 1 पर यात्रा कर रहे सोमानी सिंह (28) निवासी नरकटियागंज सहारनपुर जा रहे थे। रास्ते में उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्होंने इसकी जानकारी ट्रेन में मौजूद टीटीई को दी। टीटीई ने कंट्रोल को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को स्टेशन पर रोका गया और यात्री को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसी तरह 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे आदित्य प्रताप सिंह (20) निवासी सीतापुर की भी तबीयत खराब हो गई। सीतापुर से ट्रेन चलने के बाद उनके पेट में गैस बनने से परेशानी होने लगी। उन्होंने भी टीटीई को जानकारी दी, जिसके बाद कंट्रोल के निर्देश पर ट्रेन को स्टेशन पर रोका गया और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। इस दौरान दोनों ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर करीब 10 मिनट तक खड़ी रहीं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ट्रेनों को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। स्टेशन अधीक्षक तोमर ने बताया कि कंट्रोल के निर्देश पर दोनों यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जिसके बाद ट्रेनों को आगे भेज दिया गया।

## एसपी ऑफिस में महिला फरियादी की बिगड़ी तबीयत

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय मेंएक महिला फरियादी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन महिला ने अस्पताल के अंदर जाने और इलाज कराने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार महिला ट्रामा सेंटर के बाहर ही जमीन पर बैठ गई और काफी समझाने के बावजूद अंदर जाने को तैयार नहीं हुई। पुलिसकर्मी करीब दो घंटे तक उसे समझाते रहे, लेकिन वह नहीं मानी। महिला के पास एक झोला था जिसमें कुछ कागजात रखे थे। उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि उसे अल्ट्रासाउंड कराना है, लेकिन यहां नहीं हो पा रहा है। जब पुलिस ने कागजात दिखाने को कहा तो उसने मना कर दिया। महिला ने अपना नाम नीलम देवी बताया और कहा कि वह अल्हागंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने बताया कि वह अपनी समस्या लेकर एसपी कार्यालय गई थी, जहां उसकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज ले आई। महिला की हालत और व्यवहार को देखकर लग रहा था कि वह मानसिक तनाव में है। पुलिसकर्मी उसके परिवार वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उसे जरूरी मदद दिलाई जा सके।

## युवक का शव फंदे पर मिला, परिवार ने हत्या का लगाया आरोप

शाहजहांपुर। रोजा थाना क्षेत्र के पींग गांव में एक 18 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान गौरव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, गौरव ने अपने एक दोस्त के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के खेत से होलिका दहन के लिए लकड़ी काट ली थी। इसी बात को लेकर उस व्यक्ति ने गौरव को धमकी दी थी और थाने में उसके खिलाफ तहरीर भी दी थी। मृतक के ममेरे भाई संजय सिंह चौहान का कहना है कि आरोपी ने गौरव पर जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस भी गौरव के घर पूछताछ करने पहुंची थी। गुरुवार को गौरव के परिजन आरोपी से समझौता करने गए थे, लेकिन उसने समझौते से इनकार कर दिया और एक सप्ताह में जान से मारने की धमकी दी। परिजनों का कहना है कि इस धमकी के बाद गौरव काफी डरा हुआ था। गुरुवार रात वह अपने खेत की रखवाली करने गया था। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के एक मंदिर के पास खेत में फंदे पर लटका मिला।

# गर्रा-खन्नौत की बाढ़ से निपटने को वैज्ञानिक मॉडलिंग करेगा प्रशासन

शाहजहांपुर। शहर में गर्रा और खन्नौत नदियों से आने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिला प्रशासन ने वैज्ञानिक तरीका अपनाने का फैसला किया है। इसके तहत 'हाइड्रोडायनामिक फ्लो मॉडलिंग' के माध्यम से नदियों के जल स्तर, पानी के बहाव और जलभराव वाले इलाकों का अध्ययन कराया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एल.एन. ठकुराल और डॉ. पी.सी. नायक ने प्रस्तुतीकरण देकर बताया कि वैज्ञानिक मॉडलिंग से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सटीक आकलन किया जा सकेगा और भविष्य की योजनाएं बेहतर तरीके से बनाई जा सकेंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि



वर्ष 2024 में आई बाढ़ के कारणों का विशेष रूप से अध्ययन किया जाए और यह भी देखा जाए कि बाढ़ के पैटर्न में क्या बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन का दायरा पीलीभीत के दियूनी डैम से लेकर अंतिम छोर तक रखा जाए, ताकि पानी के बहाव और डिस्चार्ज का सही आकलन हो सके। साथ ही यह भी जांच करने को कहा गया कि नदियों में ड्रेजिंग (सफाई खुदाई) या अन्य तकनीकी उपकरण लगाने की जरूरत है या नहीं। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को वैज्ञानिकों को जरूरी तकनीकी डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नगर निगम को काशीराम कॉलोनी और मनफूल कॉलोनी के नालों पर बाढ़ से पहले स्लुइस गेट लगाने के लिए कहा गया, ताकि नदी का पानी बस्तियों में वापस न घुसे। एनआईएच रुड़की के वैज्ञानिक 6 और 7 मार्च को जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और तटबंधों व ड्रेनेज आउटलेट का भी जायजा लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), बरेली से आए वरिष्ठ हाइड्रोलॉजिस्ट समेत सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## होली खेलकर लौटते समय हादसा दोस्त घायल

शाहजहांपुर। होली के दिन हुए सड़क हादसे में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल है। यह हादसा नेशनल हाईवे-24 पर नगरिया मोड़ के पास हुआ। जानकारी के अनुसार थाना रोजा क्षेत्र के गांव हथौड़ा बुजुर्ग निवासी 22 वर्षीय अंकित अपने दोस्त विशाल के साथ तिलहर थाना क्षेत्र में दोस्तों के घर होली खेलने गया था। गुरुवार शाम दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे-24 पर नगरिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया और परिजनों को खबर दी। इलाज के दौरान सुबह अंकित की मौत हो गई, जबकि विशाल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक अंकित तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह राजमिस्त्री के साथ मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# हरिद्वार जा रहे लखनऊ के दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

शाहजहांपुर। कटरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-24 पर सुबह हुए सड़क हादसे में लखनऊ के दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक कार से हरिद्वार दर्शन करने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार लखनऊ के हसनगंज थाना क्षेत्र के डालीगंज निवासी मानसिंह और अमित अपने दो साथियों राहुल और मनोज के साथ कार से हरिद्वार जा रहे थे। सुबह जब उनकी कार कटरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर एक ढाबे के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि



कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक अंदर फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी को इलाज के लिए बरेली भेजा गया। रास्ते में गंभीर चोटों के कारण मानसिंह और अमित की मौत हो गई, जबकि राहुल और मनोज का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। कटरा थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक में कट लगाने पर विवाद, दबंगों ने परिवार पर बोला हमला

शाहजहांपुर। शहर के थाना आरसी मिशन क्षेत्र के लालबाग चौढेरा में होली के दिन बाइक में कट लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें गोली चलने की आवाज भी सुनाई दे रही है। जानकारी के अनुसार लालबाग चौढेरा निवासी सूरज होली के दिन सुबह करीब चार बजे बाइक से आखत डालने जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने अपने वाहन से उसकी बाइक में कट लगा दिया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद



लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। बताया जा रहा है कि उसी दिन सुबह करीब दस बजे दबंग दोबारा सूरज के घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब परिवार की महिलाएं बचाव के लिए बाहर आईं तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। हमले में सूरज समेत परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गई है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लाट साहब जुलूस के बाद एसपी ने की समीक्षा बैठक

शाहजहांपुर। होली पर निकले पारंपरिक लाट साहब जुलूस के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यह बैठक एसपी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें नगर क्षेत्र के अधिकारी शामिल हुए। एसपी ने होली पर्व और जुलूसों को आपसी समन्वय, सतर्कता और बेहतर पुलिस व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों और



कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन किया जाए। बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर तैयारियों पर भी चर्चा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में त्योहार रजिस्टर में जरूरी प्रविष्टियां समय से और सही तरीके से दर्ज करें, ताकि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके। इस दौरान अधिकारियों के बीच समन्वय, सतर्कता और जनसहयोग के महत्व पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी सदर सहित नगर क्षेत्र के थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# सूचना अधिकारी जिम्मेदारी से निभाएं दायित्व: राज्य सूचना आयुक्त

शाहजहांपुर। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि विकास की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में जन सूचना अधिकारियों को अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाह करना चाहिए और आरटीआई आवेदनों का निर्धारित समय में जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उचित सम्मान मिला है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने उनके नाम पर जिले को मेडिकल कॉलेज



का उपहार दिया है। यहां का मेडिकल कॉलेज आधुनिक सुविधाओं और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि जिले में 'एक जिला एक उत्पाद' और 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' योजना सफलतापूर्वक लागू हो रही है। इसके अलावा जिले में सीमेंट कंपनी समेत कई औद्योगिक इकाइयां कार्य कर रही हैं। जरी-जरदोजी का हस्तशिल्प, जो कभी खत्म होने की कगार पर था, अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे और प्रस्तावित औद्योगिक गलियारे से जिले के विकास को और गति मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

# एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व समुदाय को यह स्पष्ट संकेत दे दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत अब नीति निर्धारण और वैश्विक दिशा तय करने वाला देश बन चुका है। 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी तथा 88 देशों द्वारा हस्ताक्षरित नई दिल्ली घोषणा ने भारत के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को जब अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की, तब इसके साथ यह भी तय हो गया कि भारत अब एआई क्रांति में आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आयामों को समेटने वाला देश बनने जा रहा है।

दरअसल, नई दिल्ली घोषणा का मूल दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस विचार में निहित है, जिसमें एआई को मानव कल्याण का साधन माना गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य एआई संसाधनों और उसके लाभों को कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय पूरी मानवता तक पहुंचाना है। घोषणा में सात प्रमुख स्तंभों को आधार बनाया गया है; एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, मानव पूंजी विकास तथा लचीली और ऊर्जा-कुशल प्रणालियां। यहां यह ढांचा वैश्विक सहयोग की नई संरचना प्रस्तुत करता हुआ दिखा है, जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करते हुए साझा प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी

इस समिट ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया कि भारत एआई निवेश का नया वैश्विक केंद्र बन रहा है। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अल्फाबेट जैसी दिग्गज कंपनियां एआई पर वैश्विक स्तर पर लगभग 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी में हैं। भारत में बड़े औद्योगिक समूहों ने भी अभूतपूर्व निवेश योजनाओं की घोषणा की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग 110 अरब डॉलर डेटा सेंटर और संबंधित अवसंरचना में निवेश की योजना बना रही है, जबकि अदाणी ग्रुप ने अगले दस वर्षों में 100 अरब डॉलर एआई आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए निर्धारित किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने इस दशक के अंत तक ग्लोबल साउथ देशों में 50 अरब डॉलर निवेश की दिशा में बढ़ने की बात कही है।

भारत की डिजिटल संप्रभुता की वैश्विक धाक

ओपनएआई और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज ने टाटा समूह के साथ मिलकर भारत में एआई क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ब्लैकस्टोन ने भारतीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेयसा में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। एनवीडिया ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने की घोषणा की है। ये निवेश केवल पूंजी प्रवाह नहीं हैं; ये भारत की डिजिटल संप्रभुता, डेटा अवसंरचना और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत हैं।

भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र

समिट में वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की उपस्थिति ने भारत की बढ़ती साख को और मजबूत किया। ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, अल्फाबेट के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और गूगल डीपमाइंड के डेमिस हासाबिस जैसे वैश्विक नेता इस आयोजन में शामिल हुए। निश्चित ही यह भागीदारी संकेत है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र बन चुका है। अमेरिका और भारत के बीच पैक्स सिलिका समझौते ने सिलिकॉन आधारित तकनीकों की वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के सहयोग को नया आयाम दिया है। भारत द्वारा 18 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी देना इस रणनीतिक दृष्टि का आधार है।

एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका समावेशी दृष्टिकोण है। यहां एआई को केवल कॉर्पोरेट लाभ का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना जा रहा है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण कृषि क्षेत्र में दिखाई देता है। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित इक्कइद्दद्व 2026 सम्मेलन को देखा जा सकता है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति एआई संचालित होगी।

इंडिया एआई मिशन, जिसका बजट 10,372 करोड़ रुपये है, स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटा सेट और स्टार्टअप ढांचे को मजबूत कर रहा है। भारतजन के तहत विकसित इन्द्द थ्यन्द्द मॉडल 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह प्रदान कर रहा है। यह भाषाई समावेशन एआई को वास्तविक अर्थों में जन-केंद्रित बनाता है। ड्रोन और उपग्रह आधारित मैपिंग से लेकर जलवायु पूर्वानुमान और जैव प्रौद्योगिकी तक, एआई का एकीकृत उपयोग कृषि को अधिक सटीक, टिकाऊ और लाभकारी बना रहा है। यदि 60 करोड़ किसानों की उत्पादकता में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो यह इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर सिद्ध हो सकता है, और भारत इस परिवर्तन का सह-निर्माता बन रहा है।

ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल बना भारत की ताकत

भारत की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण आयाम ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल है। पश्चिमी देशों के बंद और पेटेंट-आधारित ढांचे के विपरीत, भारत सुलभ और पारदर्शी एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। कम लागत वाले डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे, उद्देश्य-विशिष्ट एआई मॉडल भारत को व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में मोबाइल आधारित एआई समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तकनीक का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

भारत की जनसंख्या संरचना भी इस परिवर्तन को गति दे रही है। 1.4 अरब की आबादी, विशाल युवा प्रतिभा-आधार और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक एआई हब बनने के लिए उपयुक्त बनाती है। आधार, यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे एआई अनुप्रयोगों के लिए तैयार मंच प्रदान करते हैं। नीतिगत स्पष्टता, निवेश की बाढ़ और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का संयोजन भारत को एक अद्वितीय स्थिति में खड़ा करता है।

भारत विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख एआई निर्माता बनने की ओर अग्रसर

अतः इस संदर्भ में कहना यही है कि नई दिल्ली घोषणा ने आज ये संदेश दिया है कि एआई का उद्देश्य दक्षता बढ़ाने के साथ ही समानता और समावेशन सुनिश्चित करना है। निवेश प्रतिबद्धताएं भारत को अवसंरचना और नवाचार की शक्ति प्रदान कर रही हैं, जबकि कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रयोग यह सिद्ध कर रहे हैं कि एआई जमीन पर वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।

इस आधार पर यही सच प्रतीत होता है कि यदि बीती सदी औद्योगिक क्रांति की थी और वर्तमान सदी डिजिटल क्रांति की है तो आने वाला दशक एआई क्रांति का होगा। इस क्रांति की धुरी वही देश बन सकता है, जो तकनीक को मानव कल्याण से जोड़कर वैश्विक सहयोग का सेतु बन सके। साथ ही जिसमें नवाचार को समावेशी बनाने की क्षमता हो। कहना होगा कि आज ये संकेत स्पष्ट हैं; भारत उसी दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है और एआई के युग में विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख निर्माता बनने की ओर अग्रसर है।

# आकर्षक शब्दों की आड़ में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी

**कैलाश चन्द्र**

**पिछले वर्षों में 'वोक' और 'प्रगतिशील' जैसे आकर्षक शब्दों की आड़ में ऐसे कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी है, जिनका उद्देश्य धीरे-धीरे सामाजिक मान्यताओं को परिवर्तित करना और नई मानसिकता को सामान्य बनाना है। इन आयोजनों में प्रस्तुत फिल्मों की विषयवस्तु पर दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि कथा और कला के माध्यम से वैचारिक संदेश स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप 'किस' (२०२२) और 'कुचुर (द इच)' जैसी फिल्मों की मूल थीम समलैंगिकता, किशोर मनोविज्ञान और आनंद की अवधारणा को एक विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इन फिल्मों के माध्यम से ऐसे विषयों को केंद्र में रखा गया है, जो भारतीय पारिवारिक और सामाजिक संरचना में संवेदनशील माने जाते हैं। निर्देशक वरुण ग्रोवर जैसे व्यक्तित्व, जो लंबे समय से वामपंथी विचारधारा के समर्थक माने जाते हैं और सरकार, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर खुली टिप्पणियों के लिए चर्चित रहे हैं, ऐसे आयोजनों में प्रमुख स्थान प्राप्त करते हैं। तब स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या करदाताओं के धन का उपयोग उन कार्यक्रमों के लिए किया जाना उचित है, जो भारतीय समाज की परंपरागत मान्यताओं और राष्ट्रवादी विमर्श की आलोचना को प्रोत्साहित करते हों। यह प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध का नहीं, बल्कि राज्य की वैचारिक तटस्थता और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का है। वोक विचारधारा को यदि गहराई से समझा जाए तो यह महज सामाजिक जागरूकता का आंदोलन नहीं प्रतीत होती, सांस्कृतिक मार्क्सवाद की आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरती है। इसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक इकाइयों जैसे परिवार, धर्म, संस्कृति, स्त्री-पुरुष संबंध और नैतिक अनुशासन को पुनर्परिभाषित करना है। इस विचारधारा में व्यक्ति को सामूहिकता से ऊपर रखा जाता है, इच्छा को मर्यादा से अधिक महत्व दिया जाता है और आनंद को जीवन का मूल मूल्य घोषित किया जाता है। फिल्में और दृश्य माध्यम इस दिशा में अत्यंत प्रभावी साधन बन जाते हैं, क्योंकि वे भावनाओं, कथानक और कला के आवरण में विचारों को सहज रूप से स्थापित कर देते हैं। किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील चरण है। इस आयु में प्रस्तुत कथाएँ और दृश्य लंबे समय तक मानसिक संरचना को प्रभावित करते हैं। यदि फिल्मों में किशोर पात्रों के माध्यम से समलैंगिक संबंधों या शारीरिक आनंद को केंद्रीय विषय बनाया जाए, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हो सकता है। 'किस' (२०२२) में दो किशोर लड़कों के बीच चुंबन को कथा का केंद्र बनाना और 'कुचुर (द इच)' में किशोरी के शारीरिक अनुभवों को सामान्य प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना कला की अभिव्यक्ति से आगे बढ़कर सामाजिक दिशा निर्धारण का प्रयास प्रतीत होता है। प्रश्न यह है कि क्या इन विषयों का प्रस्तुतीकरण मार्गदर्शन के उद्देश्य से है या प्रयोगवाद को प्रोत्साहन देने के लिए। भारतीय चिंतन में कामना और संबंधों को सदैव जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक संतुलन के साथ जोड़ा गया है। यहां स्वतंत्रता का अर्थ उच्छृंखलता नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण और कर्तव्यबोध से जुड़ा है। जब कला और अभिव्यक्ति के नाम पर किशोर जिज्ञासाओं को उन्मुक्त प्रयोग का क्षेत्र बना दिया जाता है, तब वह परंपरागत नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगाने के साथ-साथ भावनात्मक विकास को भी प्रभावित करता है। परिवार और संस्कार को दमनकारी संरचना के रूप में प्रस्तुत करना व्यक्ति को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से दूर ले जा सकता है। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे सामाजिक संतुलन को विचलित करती है और व्यक्तिवाद को बढ़ावा देती है। मीडिया का एक वर्ग ऐसे आयोजनों को मानवाधिकार और प्रगतिशीलता का प्रतीक बताता है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण यह पूछता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है ? क्या स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक अराजकता है ?क्या कला का दायित्व समाज निर्माण है या विघटन ?विमर्श को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है मानो परंपरा समर्थक वर्ग अभिव्यक्ति का विरोध कर रहा हो, जबकि वास्तविकता में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है। एक ओर हजारों वर्षों की सभ्यता से निर्मित सांस्कृतिक संरचना है, दूसरी ओर पश्चिम प्रेरित प्रयोगवादी प्रवृत्तियां। यह विषय किसी एक फिल्म फ़ेस्टिवल तक सीमित नहीं है। यह प्रश्न तय करेगा कि आने वाली पीढ़ियां किस मानसिकता के साथ विकसित होंगी, परिवार संस्था का भविष्य क्या होगा और समाज मर्यादाओं को कितना महत्व देगा। यदि विश्वविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, पर्यटन विभाग और अन्य सरकारी संस्थान भी वैचारिक प्रयोगों के मंच बन जाएँ, तब यह सांस्कृतिक सुरक्षा का विषय बन जाता है। राज्य की भूमिका तटस्थ संरक्षक की होनी चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा के संवाहक की। भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल एक उदाहरण के रूप में सामने आया है, जो दर्शाता है कि किस प्रकार वोक एजेंडा कलात्मक आवरण और मीडिया समर्थन के सहारे समाज में स्थान बनाने का प्रयास करता है। भारत हजारों वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा वाला राष्ट्र है, जिसने अनेक वैचारिक आक्रमणों का सामना किया है। इस दृढ़ता को बनाए रखने के लिए समाज को सजग रहना होगा। कला को वैचारिक हथियार बनने से रोकना, करदाताओं के धन का उत्तरदायी उपयोग सुनिश्चित करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है। भारत को अपनी आत्मा के साथ आगे बढ़ना है।**

वर्तमान समय में भारतीय समाज एक ऐसे वैचारिक दौर से गुजर रहा है, जिसमें संस्कृति, परिवार, नैतिकता और राष्ट्रीय पहचान से जुड़े प्रश्न नए रूप में सामने आ रहे हैं। भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल को लेकर उठा विवाद किसी आयोजन की सामान्य नीति समीक्षा का विषय न होकर यह भारतीय समाज की वैचारिक दिशा और सांस्कृतिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। जिस आयोजन का सह-प्रस्तुतिकरण मध्यप्रदेश पर्यटन जैसे सरकारी संस्थान ने किया, वही मंच उन फिल्मों और व्यक्तियों को प्रदान करता दिखाई दिया, जो लंबे समय से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के विरोध में विचार अभियान चलाते रहे हैं। यह परिस्थिति संकेत देती है कि सांस्कृतिक क्षेत्र में एक सुनियोजित वैचारिक प्रवाह सक्रिय है, जिसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक संरचनाओं को बदलना है।

पिछले वर्षों में 'वोक' और 'प्रगतिशील' जैसे आकर्षक शब्दों की आड़ में ऐसे कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी है, जिनका उद्देश्य धीरे-धीरे सामाजिक मान्यताओं को परिवर्तित करना और नई मानसिकता को सामान्य बनाना है। इन आयोजनों में प्रस्तुत फिल्मों की विषयवस्तु पर दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि कथा और कला के माध्यम से वैचारिक संदेश स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप 'किस' (२०२२) और 'कुचुर (द इच)' जैसी फिल्मों की मूल थीम समलैंगिकता, किशोर मनोविज्ञान और आनंद की अवधारणा को एक विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इन फिल्मों के माध्यम से ऐसे विषयों को केंद्र में रखा गया है, जो भारतीय पारिवारिक और सामाजिक संरचना में संवेदनशील माने जाते हैं।

निर्देशक वरुण ग्रोवर जैसे व्यक्तित्व, जो लंबे समय से वामपंथी विचारधारा के समर्थक माने जाते हैं और सरकार, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर खुली टिप्पणियों के लिए चर्चित रहे हैं, ऐसे आयोजनों में प्रमुख स्थान प्राप्त करते हैं। तब स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या करदाताओं के धन का उपयोग उन कार्यक्रमों के लिए किया जाना उचित है, जो भारतीय समाज की परंपरागत मान्यताओं और राष्ट्रवादी विमर्श की आलोचना को प्रोत्साहित करते हों। यह प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध का नहीं, बल्कि राज्य की वैचारिक तटस्थता और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का है।

वोक विचारधारा को यदि गहराई से समझा जाए तो यह महज सामाजिक जागरूकता का आंदोलन नहीं प्रतीत होती, सांस्कृतिक मार्क्सवाद की आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरती है। इसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक इकाइयों जैसे परिवार, धर्म, संस्कृति, स्त्री-पुरुष संबंध और नैतिक अनुशासन को पुनर्परिभाषित करना है। इस विचारधारा में व्यक्ति को सामूहिकता से ऊपर रखा जाता है, इच्छा को मर्यादा से अधिक महत्व दिया जाता है और आनंद को जीवन का मूल मूल्य घोषित किया जाता है। फिल्में और दृश्य माध्यम इस दिशा में अत्यंत प्रभावी साधन बन जाते हैं, क्योंकि वे भावनाओं, कथानक और कला के आवरण में विचारों को सहज रूप से स्थापित कर देते हैं।

किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील चरण है। इस आयु में प्रस्तुत कथाएँ और दृश्य लंबे समय तक मानसिक संरचना को प्रभावित करते हैं। यदि फिल्मों में किशोर पात्रों के माध्यम से समलैंगिक संबंधों या शारीरिक आनंद को केंद्रीय विषय बनाया जाए, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हो सकता है। 'किस' (२०२२) में दो किशोर लड़कों के बीच चुंबन को कथा का केंद्र बनाना और 'कुचुर (द इच)' में किशोरी के शारीरिक अनुभवों को सामान्य प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना कला की अभिव्यक्ति से आगे बढ़कर सामाजिक दिशा निर्धारण का प्रयास प्रतीत होता है। प्रश्न यह है कि क्या इन विषयों का प्रस्तुतीकरण मार्गदर्शन के उद्देश्य से है या प्रयोगवाद को प्रोत्साहन देने के लिए। भारतीय चिंतन में कामना और संबंधों को सदैव जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक संतुलन के साथ जोड़ा गया है। यहां स्वतंत्रता का अर्थ उच्छृंखलता नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण और कर्तव्यबोध से जुड़ा है। जब कला और अभिव्यक्ति के नाम पर किशोर जिज्ञासाओं को उन्मुक्त प्रयोग का क्षेत्र बना दिया जाता है, तब वह परंपरागत नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगाने के साथ-साथ भावनात्मक विकास को भी प्रभावित करता है। परिवार और संस्कार को दमनकारी संरचना के रूप में प्रस्तुत करना व्यक्ति को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से दूर ले जा सकता है। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे सामाजिक संतुलन को विचलित करती है और व्यक्तिवाद को बढ़ावा देती है।

मीडिया का एक वर्ग ऐसे आयोजनों को मानवाधिकार और प्रगतिशीलता का प्रतीक बताता है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण यह पूछता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है ? क्या स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक अराजकता है ?क्या कला का दायित्व समाज निर्माण है या विघटन ?विमर्श को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है मानो परंपरा समर्थक वर्ग अभिव्यक्ति का विरोध कर रहा हो, जबकि वास्तविकता में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है। एक ओर हजारों वर्षों की सभ्यता से निर्मित सांस्कृतिक संरचना है, दूसरी ओर पश्चिम प्रेरित प्रयोगवादी प्रवृत्तियां। यह विषय किसी एक फिल्म फ़ेस्टिवल तक सीमित नहीं है। यह प्रश्न तय करेगा कि आने वाली पीढ़ियां किस मानसिकता के साथ विकसित होंगी, परिवार संस्था का भविष्य क्या होगा और समाज मर्यादाओं को कितना महत्व देगा। यदि विश्वविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, पर्यटन विभाग और अन्य सरकारी संस्थान भी वैचारिक प्रयोगों के मंच बन जाएँ, तब यह सांस्कृतिक सुरक्षा का विषय बन जाता है। राज्य की भूमिका तटस्थ संरक्षक की होनी चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा के संवाहक की।

भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल एक उदाहरण के रूप में सामने आया है, जो दर्शाता है कि किस प्रकार वोक एजेंडा कलात्मक आवरण और मीडिया समर्थन के सहारे समाज में स्थान बनाने का प्रयास करता है। भारत हजारों वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा वाला राष्ट्र है, जिसने अनेक वैचारिक आक्रमणों का सामना किया है।

इस दृढ़ता को बनाए रखने के लिए समाज को सजग रहना होगा। कला को वैचारिक हथियार बनने से रोकना, करदाताओं के धन का उत्तरदायी उपयोग सुनिश्चित करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है। भारत को अपनी आत्मा के साथ आगे बढ़ना है। भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है कि समाज सजग, संगठित और वैचारिक रूप से स्पष्ट रहे।

# दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

**मनोज कुमार मिश्र**

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई–बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई– बाइक, ई–टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन–रात काम कर रही है। साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए।

27 साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार ने साल भर के शासन में भविष्य की विकसित दिल्ली की ठोस बुनियाद रखी। 20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा।

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है।

साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए। दिल्ली मेट्रो की नींव रखी गई।1984 के सिख दंगा पीडितों को न्याय दिलाने के प्रयास हुए। इस सिलसिले को 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई बनी कंग्रेस सरकार ने और आगे बढ़ाया। दिल्ली के मूलभूत ढांचे के विकसित करने की सर्वाधिक श्रेय शीला दीक्षित के जाता है। पूरी दिल्ली में काम हुए। दिल्ली फ्लाईओवर का शहर बना। असंभव माने जाने वाले बारापूला नाले को ढक कर कई किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बना। ऐतिहासिक सलीम गढ़ किला के ऊपर से सड़क निकाली गई। मेट्रो दिल्ली समेत पूरी एनसीआर(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पहुंचा। 15 साल शीला दीक्षित के शासन के बाद आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी(आआपा) की दिल्ली में सरकार दस साल रही। बीच में करीब साल भर के लिए राष्ट्रपति शासन भी लगा। आआपा की अनुभवहीन सरकार ने कामकाज से ज्यादा विवाद ही किया। विकास कार्य पटरी से उतर गई। आम लोगों को लुभाने के लिए सरकार केवल मुफ्त की रेवड़ियां बांटती रही। इसी के बल पर वे दो बार प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव जीत गए। उसके बाद साल भर पहले भाजपा की सरकार बनी। चुनाव प्रचार में भाजपा के नेताओं ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उनमें से कुछ पर तो अमल शुरू हो गए हैं लेकिन काफी काम अभी करने हैं। कायदे में आआपा शासन के दस साल ने दिल्ली में विकास की दिशा ही बदल दी थी। उसे वापस पटरी पर लाना भाजपा सरकार के लिए पहली चुनौती थी। उसमें वे कामयाब रहे। दिल्ली की समस्या अनोखी है। उसका इलाका तो 1483 किलोमीटर ही रहना है लेकिन आबादी बेहिसाब बढ़ रही है। दिल्ली की आबादी में हर साल पांच लाख अतिरिक्त आबादी जुड़ती है। देश की राजधानी होने और नोट-वोट की राजनीति में कोई भी राजनीतिक दल इस पर अंकुश लगाना नहीं चाहता है। दिल्ली का अपना कुछ नहीं है। मौसम से लेकर बिजली-पानी के लिए दिल्ली पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली की सड़कों भी एक सीमा से ज्यादा नहीं बढ़ सकती। शीला दीक्षित ने भी सड़क के ऊपर सड़क (डबल डेकर रोड) बनाने की योजना बनाई थी, उस पर अमल रेखा गुप्ता सरकार करने वाली है। सड़कों से वाहनों की भीड़ कम होना कठिन हो गया है। पेरेफ़ेरियल सड़कों के अलावा चार सौ किलोमीटर मेट्रो चलने और दिल्ली से मेरठ के लिए नमो भारत रेल शुरू होने आदि के बावजूद सड़कों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। केन्द्र सरकार ने दो और रास्तों पर नमो भारत रेल चलाने की घोषणा की है।

# जमकर उड़ा गुलाल, लोकगीतों पर थिरके पुलिसकर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** होली सकुशल संपन्न कराने के बाद गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। ढोल नगाड़ों के साथ जमकर रंग गुलाल उड़ाया और होली के गीतों पर खूब ठुमके भी लगाए। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पुलिस लाइन में एसपी समेत पुलिस अफसरों ने रंग लगाकर होली खेली और पुलिसकर्मियों की हौंसला अफजाई भी की। सभी थानों में भी होली खेली गई। बुधवार को पुलिसकर्मियों ने होली पर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी की थी। पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी के चलते जिले में कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई। गुरुवार को सुबह से ही पुलिसकर्मी होली खेलने में जुट गए। पुलिस लाइन के अलावा सभी थानों में पुलिस ने होली मनाई। पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। पुलिस लाइन में एसपी सुकीर्ति माधव,एएसपी विक्रम दहिया,सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी समेत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके भी लगाए।



होली गीतों पर थिरकते पुलिस कर्मी

कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र,सुनगढ़ी में प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी समेत पुलिसकर्मियों ने ढोल बजाकर जमकर डांस किया। बरखेड़ा थाने में इंस्पेक्टर परमेंद्र सिंह ने अपने पूरे स्टाफ के साथ रंग गुलाल लगाकर मनाई होली। जहानाबाद में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार बिश्नोई ने रंग लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। होली के अगले दिन पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। थाना-चौकी में जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया गया। डीजे पर होली के गानों पर जमकर डांस किया। कई पुलिस कर्मी ने कपड़ा फाड़ होली खेली। माधोटांडा, घुंघचाई, सेहरामऊ व हजारा,न्यूरिया,बीसलपुर,दियोरिया,करेली,ि बलसंडा,अमरिया आदि थाने में होली को लेकर पुलिस कर्मियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। डीजे लगाकर होली खेलकर हुए एक-दूसरे को बधाई दी। पुलिसकर्मियों ने डीजे पर जमकर डांस कर अबीर गुलाल उड़ाया। कई पुलिसकर्मियों ने कपड़ा फाड़ होली खेली। जीआरपी थाने में भी होली खेली गई।

# स्वर्गीय पिता के सपने को पूरा कर प्रिंयका ने रौशन किया शहर का नाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** यूपीएससी परीक्षा 2025 का परिणाम शुक्रवार को जारी हो गया है। शहर के राजीव कॉलोनी निवासी स्वर्गीय जवाहर सिंह यादव की बेटी प्रियंका यादव ने पुनः सफलता प्राप्त कर 206 वीं रैंक हासिल की है। 2023 में प्रियंका की यूपीएससी में 385 रैंक होने के उपरांत वह आईआरएस बनी थी लेकिन, इस बार 206 रैंक हासिल कर प्रियंका यादव ने अपनी आईएएस की कुर्सी पक्की कर ली है। प्रियंका यादव की प्रारंभिक शिक्षा शहर के लाइंस बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत में हुई थी। प्रियंका के पिता जवाहर सिंह यादव जो पेशे से एक साधारण किसान थे तथा जिला वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी थे जिनका निधन पिछले माह पहले हो गया था। प्रियंका की माता सरोज यादव एक घरेलू महिला है तथा उनके दो छोटे भाई शिवेंद्र यादव, रजत यादव पेशे से वकील व डॉक्टर हैं। प्रियंका अपनी इस कामयाबी का सारा श्रेय अपने पिता जवाहर सिंह यादव को देना चाहती हैं क्योंकि वह अपनी बेटी को आईएएस बनते हुए देखना चाहते थे।



यूपीएससी परीक्षा पास कर आईएएस बनी प्रियंका

प्रियंका यादव ने कहा मैंने 206 वी रैंक लाकर अपने पापा का सपना आज पूरा किया किंतु आज वह हमारे बीच में नहीं है पर जहां भी होंगे आज बहुत खुश हो रहे होंगे तथा हमें अपना आशीर्वाद भी दे रहे होंगे। यह कहते हुए प्रियंका की आंखें नम हो गई प्रियंका की यूपीएससी में 206वीं रैंक लाना जनपद के लिए बहुत ही गौरव की बात है। शहर पहली की बेटी अब आईएएस बनेगी। इसकी कामयाबी पर जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव राजेश शुक्ला, अल्का शुक्ला और तमाम शहरवासियों सहित खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# भाजपा विधायक ने गमजदा परिवारों में मिली होली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बिलसंडा।** होली पर अब घर घर जाकर गमी की होली मिलने का सिलसिला शुरू हो गया।इसी के तहत बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने नगर एवं क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर गमजदा परिवारों के यहां जाकर होली मिली।परिवार के बीच उनके दुख दर्द को साझा किया। उधर शाम को विधायक विवेक वर्मा नगर में ऐसे परिवारों के बीच पहुंचे जहां इस बार उनके यहां गमी के चलते होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।विधायक ने परिवारों से होली मिलकर उनके दुख दर्द को भी बांटा ।इस बीच उनकी आवभगत में लोगों ने मिठाई फल एवं मीठी गुझिया सहित तमाम पकवान भी खिलाए। उधर विधायक सग समाजसेवी सुमित गुप्ता, अधिवक्ता आशीष सक्सेना ,परदेसी बाबू,सभासद , सौरभ शुक्ला ने भी आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की।



बिलसंडा में गमजदा परिवारों से होली मिलते हुए विधायक विवेक वर्मा

# वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ जनमानस की सुविधाओं पर भी दिया जाए ध्यानः आप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि जनपद के पूरनपुरझपीलीभीत, पूरनपुरझखटीमा, पीलीभीतझमाधोटांडा जनपद के अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग हैं। ये मार्ग जनपद मुख्यालय को प्रदेश की राजधानी लखनऊ, नेपाल सीमा, उत्तराखंड की अंतरराज्यीय सीमा तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों से जोड़ते हैं। इन्हीं मार्गों के माध्यम से पर्यटक शारदा डैम, टाइगर सफारी क्षेत्र ,मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस, अधिकतर रिसॉर्ट, होटल, माँ गोमती उदगम, बराही मन्दिर तथा उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ पूर्णागिरि मंदिर, नानकमत्ता गुरुद्वारा, रीठा साहिब, मायावती आश्रम एवं ओम पर्वत आदि स्थानों की यात्रा करते हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने रात्रिकाल में इन मार्गों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी किया है। जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित बताया जा रहा है। हम माननीय न्यायालय एवं प्रशासनिक अधिकारियों का पूर्ण सम्मान करते हैं। लेकिन इस आदेश के कारण जनमानस, किसान, व्यापारी, छात्र, नौकरीपेशा, पर्यटकों एवं अध्ययनरत युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रात्रिकालीन पूर्ण प्रतिबंध से आमजन में असुरक्षा एवं भय का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। कृषि, व्यापार, पर्यटन एवं स्थानीय आवागमन पर सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े कर रही है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इस समस्या का यथाशीघ्र समाधान कराने की कृपा करें। रात्रिकालीन पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को वापस लेने अथवा उसमें व्यावहारिक संशोधन करने की कृपा की जाए जिससे, वन्यजीव संरक्षण एवं जनसुविधा दोनों के बीच संतुलन स्थापित हो सके।



डीएम को ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता

इस अवसर पर में जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, महासचिव संजय कुमार, जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती , नगर अध्यक्ष युवा इकाई राघव गिहार , प्रवेश , संजय , इंदरजीत , रिंकू दिवाकर ,मनोज , सूरज आदि उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद पर मारपीट, दो पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत (अमरिया)।** गालियों का विरोध करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के बिलासपुर निवासी रामभरोसे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा था तभी, उसका सगा भाई रामचंद्र लाल और उसका पुत्र खेमपाल वहां आ गए और बिना किसी बात के गालियां देने लगे।

जब उसने गालियां देने का कारण पूछा तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव किया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमकर उड़ा रंग गुलाल बच्चे बोले बुरा न मानो होली है.....




बिलसंडा में व्यापार मंडल के रंगोत्सव कार्यक्रम में होली खेलते तमाम व्यापारी





बिलसंडा में परिवार संग होली गीतों पर जमकर थिरके लोग, अपने पौत्र अनय के साथ होली खेलते पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बिलसंडा।** रंगों का त्योहार होली नगर एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।होलिका दहन के बाद बुधवार की सुबह लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया ।एक दूसरे को घर घर जाकर होली की बधाई दी ।वहीं युवाओं व बच्चों ने अलग-अलग अंदाज में रंगोत्सव मनाया। बुधवार की सुबह से ही सड़कों पर लोगों का हुजूम और हुड़दंग दिखाई देने लगा। वहीं होलिका दहन के बाद घर की महिलाओं ने होली गीत गाकर पूजा अर्चना की और गोबर के बने उपले चढ़ाए ।वहीं होरिहारों ने मुहल्ले के लोगों के साथ हुजूम बनाकर आखत (जौं की बालियां )डालने की परंपरा पूरी की ।जगह जगह शराबियों व हुड़दंगियों का जमघट सुबह से दोपहर तक लगा रहा ।युवाओं ने टोलियां बनाकर सड़कों पर रोककर लोगों को रंगो से सराबोर कर डाला,तो किसी ने गुलाल अबीर से होली खेली और रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं ।गलियों से लेकर मंदिरों तक गुलाल उड़ा और होली के उल्लास से पूरा नगर सरोबार दिखाई दिया ।नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल, अधिवक्ता रमेश चंद्र गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल , युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, बंटू जायसवाल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल, कॉलेज प्रबंधक पंकज जयसवाल, सुरेश राय, व्यापारी नेता विक्रम नरेश जायसवाल, दलराज सिंह,आलोक जायसवाल रिंकू, राजीव गुप्ता, राइस मिलर उमेश गुप्ता, अनुराग जायसवाल, डॉ पंकज गुप्ता, किराना व्यापारी राजेश जायसवाल पंजा ने होली की एक दूसरे को बधाई दी। दोपहर बाद गमजदा परिवारों में जाकर लोगों ने होली मिलन में भाग लिया ।क्षेत्र के गांव बमरोली, करेली, बिलासपुर, ईंटगांव ग्रामीण अंचलों में भी सुबह से शाम तक होली की खासी चहल-पहल रही। एक दूसरे को रंग लगाकर लोगों ने होली की बधाई दी,तो वहीं घर-घर जाकर महिलाओं बच्चों ने बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया,आने वाले मेहमानों को गुजिया, मिठाई, सेव, सोनपापड़ी, मठरी, कचरी ,पापड़ परोसे गए। यहां पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह,सतीशंकर मिश्रा, जितेंद्र सिंह उर्फ पप्पू भदौरिया, प्रधान मुकेश सिंह, महेश यादव, धर्मेंद्र सिंह चौहान, महेंद्र पाल, उमेश पटेल ,रोहित गंगवार, प्रधान नितिन वर्मा, अभिषेक जायसवाल मौजूद रहे।

# मिट्टी की नमी से आठ वर्षीय छात्र ने रौशन किया जिले की मिट्टी का नाम

**पीलीभीत।** विकास खंड अमरिया के विद्यालय भगा मोहम्मद गंज ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड में लगातार दूसरी बार परचम लहराया है ।कक्षा 8 के छात्र योगेश का प्रोजेक्ट इस कार्यकम में चयनित किया गया। योगेश का प्रोजेक्ट मिट्टी की नमी पर था



छात्र का हौसला बढ़ाते हुए स्कूल प्रबंधन

प्रोजेक्ट छात्र के कक्षा शिक्षक और उसके मेंटर प्रवीन शुक्ला के निर्देशन मे तैयार किया था। प्रधानाध्यापक खेम पाल सिंह ने छात्र का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करती हैं। छात्र / छात्राएँ अपने आसपास की समस्याओं के समाधान हेतु मॉडल का निर्माण करते हैं। इसी क्रम मे विद्यालय के पांच छात्रों ने अलग अलग समस्याएं ढूंढी और उसका समाधान पोर्टल पर अपलोड किया। छात्र योगेश का टॉपिक मिट्टी की नमी सेलेक्ट हुआ। प्रोजेक्ट के चयनित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरिया उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी, मुकेश मुकेश कुमार और विद्यालय के स्टॉफ ने बच्चों को शुभकामनायें दी।

# ब्राह्मणों की एकता ही उनकी असल शक्तिः अशोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने युवा जिलाध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री के निवास स्थान पर 'होली मिलन समारोह आयोजन किया। इस अवसर पर जिले के प्रमुख विप्र नेताओं और युवाओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भाईचारे का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष अशोक बाजपेई ने कहा कि ब्राह्मण समाज की एकता ही उसकी असली शक्ति है।

जिला महामंत्री दीपक शुक्ला ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए युवाओं की सक्रियता की सराहना की। नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक और नगर महामंत्री राहुल शर्मा (लल्ला महाराज) ने विप्र समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत और संस्कारों से जुड़े रहने का आह्वान किया। युवा जिलाध्यक्ष ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में युवा जिला महामंत्री आशीष दीक्षित,



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद संगठन के पदाधिकारी

मंडल महामंत्री आकाश पाराशर, युवा नगर अध्यक्ष अमित अवस्थी और युवा नगर महामंत्री रामानुज अवस्थी भी मौजूद रहे। फूलों की होली और पारंपरिक जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी ने एक स्वर में समाज हित और जनकल्याण के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

# पुलिस की होली के दिन बिलसंडा में हुआ बवाल चेयरमैन एवं प्रधान पक्ष में हुई जमकर मारपीट

**बिलसंडा।** 2 दिन पूर्व हुई बाइक एक्सीडेंट को लेकर कहासुनी के बाद बृहस्पतिवार को गांव रुरिया में जमकर बवाल हुआ। नगर पंचायत चेयरमैन एवं प्रधान पक्ष के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के वक्त महिलाओं ने भी चेयरमैन पक्ष के लोगों पर पथराव किया। इतना ही नहीं इस घटना में प्रधान की बेटी समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर बवाल के दौरान लोगों ने चेयरमैन की गाड़ी का शीशा भी चकनाचूर कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

बता दें कि नगर की एक बाइक एजेंसी पर 2 दिन पूर्व चेयरमैन डीके गुप्ता के ममेरे भाई से बाइक एक्सीडेंट को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस के चलते बृहस्पतिवार को नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता अपने कुछ साथियों के साथ गांव रुरिया पहुंचे। जहां पर प्रधान कालीचरन वर्मा और चेयरमैन पक्ष के लोगों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पथराव किया। जिसमें अध्यक्ष पक्ष के तीन एवं प्रधान पक्ष के भी कई लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं प्रधान कालीचरण की बेटी शिवानी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर घटना के बाद अध्यक्ष पक्ष के लोगों ने थाने पर भी हंगामा किया, और प्रधान पक्ष के लोगों पर कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी। उधर अध्यक्ष डीके गुप्ता का कहना है कि समझौते की बात कहते हुए प्रधान ने उन्हें गांव बुलाया था ,और वहां पहुंचते ही ग्रामीणों ने उन पर एवं उनके साथियों पर हमला कर दिया। महिलाओं ने भी पथराव किया, जबकि प्रधान कालीचरन का कहना है कि चेयरमैन डीके गुप्ता अपने साथियों के साथ तीन गाड़ियों में आए और उनके हाथों में लाठी डंडे थे, जिन्होंने आते ही उन पर एवं उनके पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया। उधर प्रधान के समर्थन में थाने जा रहे ग्रामीणों को पुलिस ने गांव मार में नहर की पुलिया से ही वापस लौटा दिया ।बहरहाल स्थिति जो भी हो दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट एवं पथराव की इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर थाना अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर पर अध्यक्ष डी के गुप्ता एवं प्रधान कालीचरन, लाडले विपिन एवं धर्मेंद्र समेत दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।






बिलसंडा थाने पर चेयरमैन डीके गुप्ता की क्षतिग्रस्त कार, बिलसंडा थाने पर मौजूद अध्यक्ष पक्ष के लोग

# आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत से पहले मुंबई इंडियंस ने लॉन्च की नई जर्सी

एजेंसी




मुंबई। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन की शुरुआत से पहले अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। पांच बार की चैंपियन टीम की यह जर्सी नए और बोल्ड डिज़ाइन के साथ पेश की गई है, जिसमें अंग्रेजी अक्षर 'ख्र' से प्रेरित पैटर्न को दोहराते हुए पूरे डिज़ाइन में रिद्म और निरंतरता बनाई गई है। टीम ने बयान में बताया कि 2025 की जर्सी में टीम का पारंपरिक नीला और सुनहरा रंग था, लेकिन 2026 संस्करण में 'ख्र' पैटर्न के जरिए एक अधिक गतिशील दृश्य पहचान दी गई है। यह 'ख्र' एमआई की मानसिकता, सोच और गति का प्रतीक है, जो टीम के फोकस और आगे बढ़ने की भावना को दर्शाता है। एक अक्षर को एकीकृत पैटर्न में बदलना उस सामूहिक ताकत को दर्शाता है, जो टीम और उसके समर्थकों के एक साथ आने से पैदा होती है। बयान के अनुसार गहरा नीला रंग मुंबई की ऊर्जा और निरंतर गतिशीलता को दर्शाता है, जबकि सुनहरी लहरें डिजाइन में ऊर्जा और गति का अहसास कराती हैं। सुनहरा रंग सफलता, जीत और विरासत का प्रतीक माना जाता है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी एक बार फिर हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या करेंगे, जो इस समय आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 में शानदार फॉर्म में हैं। आईपीएल 2025 में टीम ने खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए प्लेऑफ तक जगह बनाई थी, लेकिन क्वालिफायर-2 में पंजाब किंग्स से हार गई थी। मुंबई इंडियंस ने 2020 के बाद से कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। ऐसे में टीम 19वें सीजन में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से उतरेगी। यदि टीम इस बार ट्रॉफी जीतती है, तो वह आईपीएल इतिहास में छह खिताब जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी।

# थाईलैंड टेनिस मास्टर्स की अप्रैल में होगी शुरुआत, आधिकारिक जर्सी का अनावरण

एजेंसी




बैंकॉक। थाईलैंड टेनिस मास्टर्स 2026 के आयोजकों ने टूर्नामेंट के आधिकारिक जर्सी का अनावरण कर दिया है। बैंकॉक में आयोजित विशेष समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी के बीच जर्सी लॉन्च की गई। इस आयोजन का उद्देश्य खेल पर्यटन को बढ़ावा देना और थाईलैंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर और मजबूत करना है। यह टूर्नामेंट 13 से 20 अप्रैल तक नॉनथाबुरी टेनिस सेंटर में खेला जाएगा। आठ दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 16 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और कुल 31 मुकाबले खेले जाएंगे। जर्सी लॉन्च कार्यक्रम एनएच बैंकॉक सुखुमवित बुलेवार्ड में आयोजित हुआ, जहां लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड की कार्यकारी समिति के प्रतिनिधि नन्नाफाट नंतासुक और सचिन तोमर (रेड टैलेंट ग्रुप के चेयरमैन) ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट की आधिकारिक घोषणा की। इस समारोह में थाईलैंड के उभरते युवा खिलाड़ी क्रेडिट चैयारिन (जेडी) और थीरापत खंतिवीरावत (विनर) भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टूर्नामेंट जर्सी का अनावरण था, जिसे कजाखस्तान के अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोरी लोमाकिन सहित कई खिलाड़ियों ने प्रस्तुत किया। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य खेल पर्यटन के माध्यम से थाईलैंड को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट के तहत चार प्रमुख पर्यटन शहरों–बैंकॉक, पटाया, फुकेत और हुआ हिन–को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। प्रत्येक भाग लेने वाला क्लब इन शहरों में से किसी एक का प्रतिनिधित्व करेगा। यह टूर्नामेंट लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड अंडर रॉयल पैट्रनेज द्वारा रेड टैलेंट ग्रुप और एलान इवेंट एंड डिजाइन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। लॉन्च समारोह में सचिन तोमर ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य टेनिस के माध्यम से थाईलैंड के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य खेल पर्यटन के जरिए थाईलैंड को दुनिया के सामने पेश करना है। 'थाईलैंड टेनिस मास्टर्स' के माध्यम से हम देश की संस्कृति, पर्यटन स्थलों और खेल क्षमता को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।

# एएफसी महिला एशियाई कप में सैनफिदा नोंगरम ने डेब्यू मैच में ऐतिहासिक गोल करके रचा इतिहास

एजेंसी



नई दिल्ली। सैनफिदा नोंगरम ने अपने डेब्यू मैच में ऐतिहासिक गोल दागकर भारतीय महिला फुटबॉल के लिए खास पल रच दिया। हालांकि, इंजरी टाइम में गोल खाकर भारत को वियतनाम महिला फुटबॉल टीम के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला एएफसी महिला एशियाई कप 2026 के ग्रुप-सी में पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में खेला गया।

हाफ टाइम के बाद बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान में उतरी 20 वर्षीय सैनफिदा ने 52वें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। इस गोल के साथ उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बनाया। एशियाई कप में भारत का पिछला गोल करीब 23 साल पहले हुआ था और उस समय सैनफिदा का जन्म भी नहीं हुआ था। अपने सीनियर अंतरराष्ट्रीय डेब्यू में गोल करने के बावजूद हार से वह पूरी तरह संतुष्ट नहीं थीं। मैच के बाद उन्होंने एआईएफएफ.कॉम से कहा, ‟भारत के लिए अपने डेब्यू मैच में पहला गोल करना खुशी की बात है, लेकिन आखिरी क्षणों में हार का दुख भी है। हम इस मैच से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे और अगले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत का अगला मैच जापान महिला फुटबॉल टीम से होगा। मेघालय की राजधानी शिलांग में जन्मीं सैनफिदा का फुटबॉल सफर बचपन से ही शुरू हो गया था। संयुक्त परिवार में पली-बढ़ीं सैनफिदा को उनके चचेरे भाई ने फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। वह बचपन में घर और मैदान में रोज खेला करती थीं। करीब छह साल की उम्र में उन्होंने रॉयल वाहिंगदोह एफसी की अकादमी में शामिल होकर संगठित फुटबॉल की शुरुआत की।

# प्राग शतरंज फ़ेस्टिवल में अरविंद चितांबरम की जीत, डी. गुकेश का एक और मैच ड्रॉ

एजेंसी



प्राग। प्राग शतरंज फ़ेस्टिवल 2026 के आठवें और अंतिम से पहले दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर अरविंद चितांबरम ने गुरुवार को नीदरलैंड्स के जोर्डेन वान फॉरेस्ट को हराकर शानदार जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन डी. गुकेश की जीत का इंतजार जारी रहा और उन्होंने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक और मुकाबला ड्रॉ खेला।

उधर, उज़्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने मेज़बान खिलाड़ी डेविड नवारा को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। अब्दुसत्तोरोव के 5.5 अंक हैं और वह वान फॉरेस्ट से आधा अंक आगे हैं, जबकि टूर्नामेंट का सिर्फ एक दौर बाकी है। फरवरी में टाटा स्टील मास्टर्स जीतने के बाद यह युवा उज़्बेक खिलाड़ी इस साल का दूसरा बड़ा खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। नवारा 4.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अरविंद चितांबरम की इस जीत से उनके कुल 4 अंक हो गए और वह जर्मनी के विन्सेंट कीमर तथा ईरान के परहाम मघसूदलू के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

उज़्बेकिस्तान के नोडिरबेक याकुब्बोएव, अमेरिका के हांस मोके नीमन और स्पेन के डेविड एंटोन गुइहारो 3.5 अंकों के साथ इसके बाद के स्थानों पर हैं। भारतीय खिलाड़ी डी. गुकेश फिलहाल 2.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। दिन के अंत में मुकाबलों में काफी नाटकीय मोड़ देखने को मिला। अब्दुसत्तोरोव और अरविंद दोनों ने ऐसे मुकाबले जीते जो ड्रॉ की ओर बढ़ते नजर आ रहे थे। नवारा ने रूख और छोटे मोहरों के एंडगेम में ऊंट की गलती कर दी, जिसका फायदा उठाकर अब्दुसत्तोरोव ने जीत हासिल की। वहीं वान फॉरेस्ट एंडगेम में एक आसान चाल नहीं देख सके और अरविंद चितांबरम ने मौका भुनाकर जीत दर्ज कर ली। डी. गुकेश और विन्सेंट कीमर के बीच मुकाबला किंग पॉन ओपनिंग से शुरू हुआ और अंततः ड्रॉ पर खत्म हुआ। मुकाबले के दौरान गुकेश ने क्वीन की कुर्बानी देकर स्थिति को जटिल बनाने की कोशिश की और उनका प्यादा सातवीं रैंक तक पहुंच गया, लेकिन काले मोहरों की मजबूत रक्षा को तोड़ना आसान नहीं रहा और अंततः मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसी टूर्नामेंट के साथ चल रहे चैलेंजर्स वर्ग में 16 वर्षीय चेक इंटरनेशनल मास्टर फिनेक वान्सलाव ने भारत के ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली के खिलाफ ड्रॉ खेलकर खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया।

# श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) बना दिल्ली विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज कबड्डी चैंपियन



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट में शुक्रवार को पुरुष वर्ग का खिताब श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम कर लिया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट का आयोजन आर्यभट्ट कॉलेज में किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। राउंड-रॉबिन लीग प्रारूप में खेले गए मुकाबलों में श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने लगातार दमदार प्रदर्शन किया। टीम की जीत में अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेल दिखाया। प्रतियोगिता में श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने हंसराज कॉलेज को 41ऽ22 के बड़े अंतर से हराया, जबकि इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आई.जी.आई.पी.ई.एस.एस.) को 30ऽ21 से पराजित किया। हालांकि एक लीग मुकाबले में डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) को 29ऽ26 से हराया, लेकिन कुल प्रदर्शन के आधार पर श्याम लाल कॉलेज शीर्ष स्थान हासिल करने में सफल रहा। टूर्नामेंट के अंत में अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम प्रथम स्थानः श्याम लाल कॉलेज (प्रातः)द्वितीय स्थानः डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज तृतीय स्थानः हंसराज कॉलेज इस उपलब्धि पर श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) के प्राचार्य प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क के कारण यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कॉलेज की टीम भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहेगी।

# टी–20 विश्व कप फाइनल से पहले समापन समारोह में प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन रविवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में प्रस्तुति देंगे। यह समारोह भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले फाइनल मुकाबले से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। रिकी मार्टिन का विशेष लाइव परफॉर्मेंस भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे से शुरू होगा। अपनी दमदार आवाज, शानदार मंच प्रस्तुति और लोकप्रिय लैटिन पॉप गीतों के लिए मशहूर रिकी मार्टिन का यह शो फाइनल मुकाबले से पहले दर्शकों के लिए एक यादगार संगीत अनुभव बनने की उम्मीद है। संगीत समारोह के बाद ध्यान फाइनल मुकाबले पर केंद्रित होगा, जिसमें भारत और न्यूजीलैंड के बीच खिताबी भिड़ंत शाम 7:00 बजे से शुरू होगी। भारत ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टी-20 विश्व कप के इतिहास में यह चौथी बार है जब भारत फाइनल में पहुंचा है, जो किसी भी टीम के लिए सबसे ज्यादा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जश्न और बड़ा हो गया है। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ग्लोबल आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले होने वाले समापन समारोह के मुख्य कलाकार होंगे। स्टेडियम के गेट दोपहर 3:30 बजे खुलेंगे और प्रस्तुतियाँ शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी। न्यूजीलैंड ने बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डेन में खेले गए सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। रविवार को होने वाले इस फाइनल में भारत के सामने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का मौका होगा। टीम भारत टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली मेजबान टीम बनने, खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बनने और तीसरी बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 26 मार्च से 6 अप्रैल तक, छत्तीसगढ़ के तीन शहर करेंगे मेजबानी

नई दिल्ली। देश में पहली बार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 26 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में होगी। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को बताया कि इस प्रतियोगिता में सात पदक खेलों को शामिल किया गया है, जिनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती शामिल हैं। इसके अलावा मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेल के रूप में रखा गया है। इस आयोजन में देश के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डॉ. मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे उस प्रयास का हिस्सा हैं, जिसके माध्यम से हर युवा को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर और व्यापक मंच मिल सके। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन का भी हिस्सा है, जिसमें खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. मांडविया ने कहा कि इन खेलों के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों से उभर रही प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद जरूरी है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जनजातीय समुदायों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की शुरुआती स्तर पर पहचान हो, उन्हें व्यवस्थित रूप से समर्थन मिले और उन्हें राष्ट्रीय खेल ढांचे में शामिल किया जाए।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का संचालन युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय ओलंपिक संघ, विभिन्न राष्ट्रीय खेल महासंघों और छत्तीसगढ़ राज्य आयोजन समिति के सहयोग से किया जाएगा। प्रतियोगिता के तकनीकी मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप रखे जाएंगे। इन खेलों का आधिकारिक मैस्कॉट 'मोरवीर' है। यह नाम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा हुआ है। 'मोर' का अर्थ छत्तीसगढ़ी भाषा में 'मेरा' या 'हमारा' होता है, जबकि 'वीर' साहस और पराक्रम का प्रतीक है।

# बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का




मुंबई। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1,097 अंक तक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 315 अंक टूटकर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 फीसदी लुढ़ककर 78,918.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक टूटकर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 315.45 अंक यानी 1.27 फीसदी की गिरावट के साथ 24,450.45 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में शामिल आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई है। इसके अलावा एशिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए हैं। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी शेयर बाजार पर दबाव बनाया। पश्चिम एशिया संकट गहराने से कच्चे तेल के दामों में तेजी के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 फीसदी चढ़कर 87.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स 899.71 अंक यानी 1.14 फीसदी की तेजी के साथ 80,015.90 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी की बढ़त के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ था।


# पश्चिम एशिया संकट से निपटने में निर्यातकों की मदद के लिए हरसंभव नीतिगत कदम उठाएंगे: पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट से निपटने में सरकार घरेलू निर्यातकों की मदद के लिए सभी नीतिगत और सहायक उपायों का इस्तेमाल करेगी। सरकार ने रोजाना इन मामलों पर गौर करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। पीयूष गोयल ने भारत मंडपम में 'आईआईएफटी वाइस चांसलर कॉन्क्लेव' 2026 के अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा, ''सरकार हमारे निर्यातकों को समर्थन देने के लिए हर नीतिगत उपाय और निर्यात प्रोत्साहन मिशन का उपयोग करेगी। सरकार ने दैनिक आधार पर मुद्दों पर विचार करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। मंत्री ने कहा, ''हम अपने निर्यातकों को सहूलियत देने के लिए कुछ तरीकों को औपचारिक रूप देंगे। हर दिन अंतर-मंत्रालयी समूह निर्यातकों से बात करता है३वे प्रतिक्रिया लेते हैं और हम किसी भी तरह से अपने निर्यातकों का समर्थन करने में पीछे नहीं रहेंगे। गोयल ने कहा कि भारत अपने उद्योगों द्वारा विदेशों के खरीदारों से किए गए सभी समझौतों और वादों को पूरा करता रहेगा, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। गोयल से जब माल ढुलाई के बढ़ते खर्च के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस पर भी काम कर रहा है और यह देख रहा है कि निर्यातकों पर पड़ने वाले बोझ को कैसे कम किया जाए। उन्होंने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय इस मुद्दे पर पोत परिवहन मंत्रालय और शिपिंग कंपनियों से भी लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि निर्यातकों की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। इससे पहले गोयल ने आज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) के वाइस चांसलर कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि एक सर्विस के तौर पर शिक्षा में भारत की एक्सपोर्ट कमाई में योगदान देने और दुनिया के बाकी हिस्सों में हाई क्वालिटी भारतीय शिक्षा को ले जाने में मदद करने की काफी क्षमता है। गोयल ने एक्स पोस्ट पर लिखा वाइस चांसलर कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए खुशी हुई, जिसमें विकसित भारत 2047 के लिए हायर एजुकेशन के इंटरनेशनलाइजेशन की फिर से कल्पना की गई। उल्लेखनीय है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए संयुक्त हमले के बाद निर्यातकों को पश्चिम एशिया में खेप की आवाजाही के संबंध में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अमित शाह आज हरिद्वार में उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन

एजेंसी

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज हरिद्वार के बैरागी कैंप में उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सात मार्च से शुरू होने वाली 'न्याय संहिता' विषयक इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का समापन नौ मार्च को होगा। यह विशेष प्रदर्शनी मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्ष के दौरान उत्तराखंड में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा लिए गए अन्य महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों पर केंद्रित होगी। प्रदर्शनी में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों के



सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्य को देखा और समझा जा सकेगा। प्रदर्शनी में राज्य में सुशासन, पारदर्शिता तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया जाएगा। प्रदर्शनी में लगभग सभी विभागों की झलक देखने को मिलेगी। यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार के नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरुकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में नई न्याय संहिता की प्रमुख विशेषताओं को सरल और प्रभावी माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें समयबद्ध जांच एवं आरोप-पत्र की अनिवार्यता, शून्य प्राथमिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक प्राथमिकी की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य विधि-विज्ञान जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए सशक्त प्रावधान, संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं आतंकवाद से संबंधित स्पष्ट दंड प्रावधान, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा संपत्ति की शीघ्र वापसी की व्यवस्था को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होंगी।

# फांसी घर मामला : दिल्ली विधानसभा में आज कुछ ही लोगों के प्रवेश की अनुमति

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में विशेषाधिकार समिति की बैठक में फांसी घर मामले पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को कुछ ही लोगों के प्रवेश की अनुमति दी गयी। दिल्ली विधानसभा परिसर में आज विशेषाधिकार समिति के सदस्यों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री/मंत्रियों, मुख्य सचेतक, नेता प्रतिपक्ष और (जिन लोगों को समन जारी है) को प्रवेश की अनुमति दी गयी। विशेषाधिकार समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व मंत्री राखी बिड़ला को समन जारी किया हुआ है। यह निर्देश दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के जरिए जारी किया गया है। इसकी जानकारी आज विधानसभा सचिव रंजीत सिंह ने दी। निर्देशों के मुताबिक, आज



विशेषाधिकार समिति द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक अत्यंत संवेदनशील मामले की सुनवाई निर्धारित है। साथ ही कुछ सदस्यों द्वारा मीडिया में किए गए पोस्ट के कारण अव्यवस्था उत्पन्न होने की गंभीर आशंका और खतरा भी है। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि कोई सदस्य/व्यक्ति विधानसभा परिसर में ऐसी किसी गतिविधि में संलग्न पाया जाता है जिससे विधानसभा सचिवालय के कार्य या समिति की कार्यवाही में बाधा या व्यवधान उत्पन्न हो, तो उसके विरुद्ध विशेषाधिकार हनन तथा अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।

# 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

भागलपुर। जिले के इशाकचक थानान्तर्गत 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट के साथ एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शुक्रवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। सिटी एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी और छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुआ कि इशाकचक थाना अंतर्गत इस्लामनगर स्थित दीलकश रमीज के अन्य घर में बडी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप संग्रह कर खरीद-बिक्री किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक, नगर भागलपुर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 भागलपुर एवं डी0आई0यू0 टीम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने इशाकचक थानान्तर्गत इस्लामनगर स्थित दीलकश रमीज के अन्य घर में देखा कि एक व्यक्ति बैठा हुआ है जो पुलिस बल को देखकर भागने लगा। सशस्त्र बल के सहयोग से पिछा कर मो0 फरहान पिता-मो0 रमिज सा0-करामत अली लेन थाना-ततारपुर जिला-भागलपुर को पकड़ लिया गया। उक्त अपराधकर्मी से पूछ-ताछ एवं तलाशी के क्रम में इनके पास से 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार फरहान का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 भागलपुर के नेतृत्व में गठित छापामारी दल रौशन कुमार थानाध्यक्ष इशाकचक थाना, पुलिस अवसर निरीक्षक राजीव कुमार, पी0टी0सी0 गौतम कुमार, सिपाही मनीष कुमार, विक्की कुमार, विजय कुमार और स्विटी कुमारी शामिल थे।

# बिहार में राजनीति हलचल के बीच जदयू के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुशवाहा ने नामांकन किया

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की घोषणा और नामांकन के बाद शुक्रवार को जदयू के अंदर गतिविधियां तेज हो गयी है। आज शाम को नीतीश कुमार सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने वाले है। इससे पूर्व पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर कवायद शुरू हुई है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि शुक्रवार थी। उमेश कुशवाहा के नामांकन में कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रस्तावक की भूमिका निभाई। इनमें सांसद रामनाथ ठाकुर, बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह, मंत्री श्रवण कुमार सहित पार्टी के कई विधायक शामिल रहे। पार्टी नेताओं से मिल रही जानकारी के मुताबिक अब तक किसी अन्य नेता ने इस पद के लिए नामांकन नहीं किया है। ऐसे में उमेश कुशवाहा का तीसरी बार निर्विरोध जदयू प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। नामांकन के बाद उमेश कुशवाहा ने कहा कि शुक्रवार शाम 5 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू विधायकों की



महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर पार्टी विधायकों से चर्चा करेंगे और अपनी बात रखेंगे। मौके पर मौजूद बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह ने आज शाम होने वाली पार्टी की इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर शाम 5 बजे होने वाली बैठक में जदयू के सभी विधायक शामिल होंगे। लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कार्यकर्ताओं का भावुक होना स्वाभाविक है, क्योंकि पिछले करीब 20 वर्षों में उन्होंने राज्य के विकास के लिए काम किया है और पार्टी के हर कार्यकर्ता ने उनका साथ दिया है।

## लंबे इंतजार के बाद सिमराही नगर पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का शुरू

सुपौल। लगभग तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नगर पंचायत सिमराही में विकास कार्यों की शुरुआत हो गई है। इससे नगर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पंचायत सिमराही के वार्ड नंबर 13 में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन वार्ड पार्षद गोपीकान्त झा तथा समाजसेवी रामानंद चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दोनों ने अपने हाथों से फावड़ा पकड़कर कार्य का शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब नगर पंचायत क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। बताया जा रहा है कि यह सड़क वार्ड नंबर 13 में अभिषेक होटल से लेकर रामानंद चौधरी के घर तक बनाई जा रही है। लंबे समय से इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी।

## हंगामे, वॉकआउट के बीच पंजाब विधानसभा का बजट सत्र शुरू

चंडीगढ़। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिभाषण से पंजाब विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार पूर्वाह्न 11:00 बजे यहां विधान भवन में शुरू हुआ। यह 11 दिवसीय बजट सत्र वर्तमान सरकार का विधानसभा चुनावों से पहले का अंतिम बजट होगा। बजट आठ मार्च को पेश किया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण के शुरू होते ही सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया और कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। पंजाब के कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने भी राज्यपाल के अभिभाषण को बीच में ही छोड़ कर बाहर आकर मीडिया को संबोधित करना शुरू कर दिया। सदन के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैंड और बाजा लेकर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

# पीला पंजा: सडक चौडीकरण में बाधक दो भवनों को तोड़ने की कार्रवाई

एजेंसी

हल्द्वानी। शहर में एक बार फिर से सड़क चौड़ीकरण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज प्रशासन और नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम क्षेत्र के ऊंचापुल चौराहे के पास पहुंची। टीम ने सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रहे दो भवनों को तोड़ने की कार्रवाई शुरु की।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की टीम द्वारा ऊंचापुल चौराहे पर दो अवैध मकान जिनके द्वारा सरकारी जमीन पर मकान बना दिया गया था, जिसे आज तोड़े जाने की कार्रवाई की गई है। दोनों मकान काफी बड़े





हैं, इसीलिए कार्रवाई अधिक दिन तक चलेगी, इसके बाद ऊंचापुल चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा, साथ ही स्थानीय लोगों को जाम से निजात मिलेगी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया शहर में कई जगह पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि अपने अतिक्रमण को खुद हटा ले, नहीं तो प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा, जरूरत पड़ी तो बलपूर्वक भी अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

# बिहार की राजनीति के लिए ऐतिहासिक और गौरव का समय: प्रेम रंजन पटेल

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नितीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन कर केंद्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय, बिहार की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करने के साथ राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों को भी नई गति प्रदान करेगा। उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और संतुलित नेतृत्व का लाभ अब राष्ट्रीय नीति निर्माण में होगा, जिससे बिहार के हितों को और अधिक मजबूती से रखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के ऊर्जावान युवा नेता नितिन नविन का भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना और राज्यसभा में नामांकन के माध्यम से राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। युवा नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक अनुभव के साथ वे राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को नई दिशा देने के साथ-साथ बिहार की जन आकांक्षाओं को मजबूती प्रदान करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय, अनुभवी और लोकप्रिय नेता नंद किशोर यादव को राज्यपाल के महत्वपूर्ण दायित्व से सम्मानित किया जाना भी बिहार के लिए गर्व का विषय है। अपने लंबे राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव के कारण वे संवैधानिक पद की गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बिहार के लिए अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक स्थिति है कि राज्य से जुड़े अनुभवी, दूरदर्शी और समर्पित नेता राष्ट्रीय राजनीति के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# सैयद अता हसनैन को बिहार और नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर संजय सरावगी ने दी बधाई

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादर को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

संजय सरावगी ने कहा कि सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने लगभग 40 वर्षों के सैन्य करियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में उनकी भूमिका को बेहद अहम माना जाता है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उनकी रणनीति और नेतृत्व की काफी सराहना हुई है। उन्होंने कहा कि सेना में उनका करियर उत्कृष्ट नेतृत्व, रणनीतिक सोच और राष्ट्रसेवा के लिए जाना जाता है। सेवानिवृत्ति के बाद भी सैयद अता हसनैन सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और वर्ष 2018 में उन्हें कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय का कुलाधिपति बनाया गया, जहां उन्होंने अपनी जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभाईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सैयद अता हसनैन का प्रशासनिक अनुभव और



जनसेवा की भावना बिहार के लिए लाभकारी साबित होगी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व से राज्य को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने ईश्वर से उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। संजय सरावगी ने साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भी बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय के लिए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेतृत्व ने ल्लबिहार की मिट्टी के लालङ्क और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष को उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव कई विभागों के सफल मंत्री रह चुके हैं और भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नंदकिशोर यादव जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है और यह निर्णय उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का उदाहरण है। उन्होंने दोनों नेताओं को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# केंद्रीय विद्यालय सीवान की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उत्कृष्ट शिक्षक व छात्र हुए सम्मानित



एजेंसी

सीवान। केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत संचालित केंद्रीय विद्यालय सीवान में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने की। बैठक के दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में दीपिका पाठक, टी.पी. गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, धर्मुलाल, एस.के. तिवारी, मोहम्मद असलम तथा ममता कुमारी शामिल हैं।इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र सोएब अख्तर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं कक्षा नौ की छात्रा आराध्या कुमारी को राष्ट्रीय स्तर की खेल-कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।बैठक के दौरान केंद्रीय विद्यालय सीवान के प्राचार्य हेमंत कुमार ने विद्यालय के लिए स्थायी भवन हेतु भूमि आवंटन में सहयोग देने के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने विद्यालय के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# बुंदेलखंड की झांसी जेल का हाल बेहाल, डीआईजी व्यस्त, अधीक्षक मस्त, बंदी वसूली से त्रस्त

## जेल में सुविधा शुल्क के दामों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ ब्यूरो। तू डाल डाल तो मैं पात पात... यह कहावत मंडलीय झांसी जेल के अधिकारियों पर एकदम फिट बैठती है। जेल में लंबे समय से अधीक्षक के जमे होने की वजह से भ्रष्टाचार घटने के बजाए और बढ़ गया है। पूर्व में इस जेल में मशक्कत के लिए 2600 रुपए प्रति बंदी लिया जाता था। यह अब बढ़कर 3000 से 5000 रुपए प्रति बंदी हो गया है। इस जेल में अधिकारी कमाई का कोई मौका छोड़ना नहीं चाह रहे है। यही वजह है कि जेल में लूट मची हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक जेल में आने वाले नए बंदी से अच्छी बैरेक और काम नहीं करने के एवज में मशक्कत (हाते) के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। पहले हाते के लिए 1200 रुपए प्रति बंदी वसूल किए जाते थे। जेल में अधीक्षक के लंबे समय से तैनात होने की वजह से अब इसको बढ़ाकर तीन से पांच हजार रुपए प्रति बंदी कर दिया है। महंगाई की तरह जेल में भी बंदियों से सुविधा के नाम पर होने वाली वसूली को भी बढ़ा दिया गया है। जेल प्रशासन की इस अवैध वसूली से बंदी काफी त्रस्त है। मजे की बात यह है कि विभाग में इन बंदियों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। इसी वजह से बंदियों को अधिकारियों की अवैध वसूली और उत्पीड़न से जूझना पड़ रहा है। सूत्रों का कहां है कि झांसी जेल में अधिकारी कमाई को बढ़ाने के लिए चोरी छिपे बंदियों से मादक पदार्थों की बिक्री और बंदियों को जुआं खिलाने से भी बाज नहीं आ रहे है। इसके साथ जेल में बंदियों के कल्याण के बनी कैंटीन से भी अधिकारी अनाप शनाप वसूली करने में जुटे हुए है। बंदियों के राशन में की गई बेतहाशा कटौती का राशन कैंटीन में इस्तेमाल किया जाता है। कैंटीन में मनमाने दामों पर खानपान को वस्तुएं बेचकर अधिकारी अपनी जेब भरने में जीते हुए है। इसी अवैध वसूली के चलते बीते दिनों इस जेल पर तैनात जेलर पर बदमाशों ने हमला भी बोल दिया था।

अस्थाई जेलरों के भरोसे चल रही जेल, तैनात जेलर बागपत में

झांसी जेल में कमाई के चक्कर में अनाप शनाप दामों में दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीद फरोख्त की जा रही है। अधिकारियों और ठेकेदारों की साठ गांठ से सरकारी राजस्व का लंबा चुना लगाया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाए तो दूध का दूध पानी सामने आ जाएगा। सूत्रों की माने तो जेल में नौ की लकड़ी नब्बे रुपए में खरीदी जा रही है। इस सच की पुष्टि जेल में दैनिक इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के बिलों से आसानी से की जा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि इस जेल में कोई स्थाई जेलर तैनात ही नहीं है। तैनात जेलर केके गुप्ता पर हमला होने के बाद उन्हें पहले विशेष ड्यूटी पर फतेहगढ़ जेल, फिर सुल्तानपुर जेल और वर्तमान समय में उन्हें बागपत जेल पर लगा रखा गया है। तीन माह की विशेष ड्यूटी पर लगाए गए जेलर केके गुप्ता ने पिछले करीब 10 माह से बागपत जेल पर कब्जा जमा रखा है। उधर विभाग के आला अफसर इस मसले पर कुछ भी बोलने से बचते नजर आए।

# बेहतर समन्वय से बनेगा भविष्य का फार्मा इकोसिस्टम : सुनील

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। भारत देश में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रोफ़ेसर एम एल सराफ के जन्मदिन के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में सभी शिक्षण संस्थानों चिकित्सालय फार्मेसी संस्थानों उद्योगों आदि में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे मनाया गया । इस अवसर पर लखनऊ में फार्मासिस्ट फ़ेडरेशन ने प्रो सराफ के जीवन और उनके संघर्षो को याद किया । फ़ेडरेशन द्वारा एम एल सराफ के बारे में लेखन और पोस्टर ईमेल पर आमंत्रित किए गए जिस पर सैकड़ों लेख पोस्टर आए हैं, स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा परीक्षण उपरांत उसमें श्रेष्ठता क्रम निर्धारित कर सभी को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

स्टेट फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन और फार्मेसिस्ट फ़ेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा प्रो सराफ के जन्मदिन 6 मार्च को ''नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे'' घोषित किया गया है । प्रोफ़ेसर सराफ ने भारत में फार्मेसी शिक्षा को प्रारंभ कर उसे बढ़ाने में महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय योगदान दिया है । इसलिए आज उनके प्रयासों को याद करने का दिन है । फ़ेडरेशन के संयोजक और फीपो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के के सचान ने कहा कि भारत में फार्मेसी शिक्षा के साथ ही इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के गठन आदि में



प्रोफ़ेसर श्रॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, महामंत्री अशोक कुमार उपाध्यक्ष, सेवानिवृत्त विंग के प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह सचान, ओपी सिंह सचिव रिटायर विंग, यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष आदेश आदि ने संबोधित किया ।

# महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल व पुलिस महानिदेशक रेलवे ने चारबाग रेलवे स्टेशन का किया भ्रमण

### स्टेशन परिसर का होल्डिंग एरिया के निर्माण, यात्रियों के सुगम व सुरक्षित आवागमन एवं वाहनों की पार्किंग आदि पर चर्चा हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय





लखनऊ ब्यूरो। हितेंद्र मल्होत्रा, महानिदेशक, सुरक्षा रेलवे बोर्ड व सुश्री सोनाली मिश्रा, महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल एवं श्री प्रकाश डी0 पुलिस महानिदेशक रेलवे द्वारा संयुक्त रुप से रेलवे स्टेशन चारबाग का भ्रमण करते हुए स्टेशन परिसर का होल्डिंग एरिया के निर्माण, यात्रियों के सुगम व सुरक्षित आवागमन एवं वाहनों की पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जीआरपी/आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बैठक में उत्तर प्रदेश के विस्तृत रेलवे नेटवर्क पर यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की संरक्षा तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस संयुक्त बैठक में जीआरपी एवं आरपीएफ के मध्य बेहतर समन्वय एवं संयुक्त कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई।

तत्पश्चात सुश्री सोनाली मिश्रा, महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल द्वारा श्री राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 से पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग में शिष्टाचार भेंट की गई। इसके उपरान्त महोदया द्वारा राजकीय रेलवे पुलिस (व्व्टह) मुख्यालय, लखनऊ के कन्ट्रोल रुम/मीटिंग हाल आदि का औपचारिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर श्री प्रकाश डी0 पुलिस महानिदेशक रेलवे द्वारा सुश्री सोनाली मिश्रा, महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट किया गया। श्री आर0 के0 भारद्वाज, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, श्री रोहित मिश्रा पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ व जीआरपी/आरपीएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# महापौर के केंद्रीय कार्यालय पर हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

### राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा समेत कई गणमान्य हुए शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। राजधानी लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल के आवास स्थित केंद्रीय कार्यालय पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा समेत तमाम गणमान्य लोगों ने महापौर को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महापौर सुषमा खर्कवाल के लालबाग स्थित केंद्रीय कार्यालय को होली मिलन समारोह के लिए बड़े ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। शाम करीब तीन बजे शुरू हुए होली मिलन समारोह में कलाकारों ने रंगारंग होली गीत की प्रस्तुतियों पेश कर आगंतुकों को थिरकने पर विवश कर दिया। समारोह में महापौर ने आगंतुकों को गुलाल से टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षदों और स्थानीय लोगों के नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों के लिए ठंडाई समेत अन्य स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। इसका लोगो ने जमकर लुत्फ लिया।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0– 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।